11 April -26 page 1  10-04-2026  11:10 PM  Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 11 अप्रैल -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 108 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3






# 23 लाख 61 हजार मतदाताओं के साथ
# गाजियाबाद की चुनावी तस्वीर साफ, अंतिम सूची जारी




### 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में मतदाताओं की कुल संख्या 23,61,702 है, का विधानसभा क्षेत्रवार विवरण

| विधान सभा क्षेत्र की संख्या | विधान सभा क्षेत्र का नाम | मतदेय स्थल | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | थर्ड जेण्डर | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | लोनी | 582 | 245547 | 201360 | 34 | 446941 |
| 54 | मुरादनगर | 543 | 210456 | 181530 | 20 | 392006 |
| 55 | साहिबाबाद | 1171 | 430903 | 295045 | 37 | 725985 |
| 56 | गाजियाबाद | 530 | 212105 | 178350 | 17 | 390472 |
| 57 | मोदीनगर | 397 | 166394 | 141693 | 22 | 308109 |
| 58 | धौलाना (आ०) | 135 | 53833 | 44352 | 4 | 98189 |
| | योग | 3358 | 1319238 | 1042330 | 134 | 2361702 |

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद गाजियाबाद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन शुक्रवार को कर दिया गया। 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए चलाए गए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत तैयार इस सूची ने जिले के चुनावी गणित को नई दिशा दे दी है। करीब साढ़े पांच महीने तक चली विस्तृत प्रक्रिया, लाखों दावों-आपत्तियों के परीक्षण और निरंतर समीक्षा के बाद अब जिले में कुल 23,61,702 मतदाता दर्ज हो गए हैं। यही मतदाता आने वाले चुनाव में सत्ता की दिशा तय करेंगे।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ के निर्देशन में अंतिम सूची जारी की गई और सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को इसकी प्रतियां उपलब्ध कराई गईं। मेरठ मंडल के आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर भानु चंद्र गोस्वामी द्वारा भी सूची की समीक्षा की गई, जिससे पूरी प्रक्रिया पर प्रशासनिक मुहर लग गई।

### कितना जुड़ा, कितना कटा—यही है असली चुनावी संकेत

करंट क्राइम। इस बार के पुनरीक्षण में सबसे अहम बात यह रही कि नए मतदाताओं की संख्या बेहद तेजी से बढ़ी, जबकि नाम कटने की संख्या सीमित रही। करीब 1.66 लाख नए वोटर जुड़ना और केवल करीब 6 हजार नाम हटना इस बात का संकेत है कि जिले में कुल मतदाता संख्या में साफ तौर पर बढ़ोतरी हुई है।

यह बढ़ोतरी केवल आंकड़ों का विस्तार नहीं, बल्कि चुनावी समीकरण बदलने वाला कारक मानी जा रही है। खासतौर पर शहरी विस्तार वाले क्षेत्रों में नए और युवा मतदाताओं की हिस्सेदारी बढ़ने से आने वाले चुनाव में मतदान पैटर्न में बदलाव संभव माना जा रहा है।

### चुनावी असर : नया वोटर बनेगा निर्णायक

करंट क्राइम। मतदाता सूची के इस अपडेट से यह स्पष्ट हो गया है कि पारंपरिक वोट बैंक में बड़ी कटौती नहीं हुई है, लेकिन नए मतदाताओं का प्रतिशत तेजी से बढ़ा है। इसका सीधा मतलब है कि इस बार चुनाव में पहली बार वोट डालने वाले और नए शहरी मतदाता निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। राजनीतिक रूप से यह स्थिति उन दलों के लिए चुनौती और अवसर दोनों है, जिनकी पकड़ बूथ स्तर पर मजबूत है। जो दल नए मतदाताओं तक अपनी पहुंच बना पाएंगे, वही चुनावी बढ़त हासिल कर सकते हैं।

### शिकायतों का बड़ा आंकड़ा, निस्तारण का दावा

करंट क्राइम। पुनरीक्षण के दौरान जनसामान्य की भागीदारी भी व्यापक रही। जिला स्तर के कंट्रोल सिस्टम में टोल फ्री नंबर 1950 पर 7378 कॉल, बुक ए कॉल विद बीएलओ पोर्टल पर 31,832 आवेदन/कॉल और एनजीएस पोर्टल पर 7487 शिकायतें/सुझाव प्राप्त हुए। प्रशासन का दावा है कि इन सभी का समयबद्ध निस्तारण किया गया है।

### लंबी प्रक्रिया के बाद बनी अंतिम सूची

करंट क्राइम। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान 27 अक्टूबर 2025 से 10 अप्रैल 2026 तक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 24 बैठकें और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा 17 बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को शामिल कर प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने का प्रयास किया गया।

### अब कहां और कैसे देखें नाम

करंट क्राइम। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय और जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल voters.eci.gov.in पर भी मतदाता अपना नाम आसानी से खोज सकते हैं।

बाक्स

बदलेगा चुनावी समीकरण

करंट क्राइम। गाजियाबाद की यह अंतिम मतदाता सूची केवल औपचारिक दस्तावेज नहीं, बल्कि आने वाले चुनाव का आधार बन चुकी है। नए मतदाताओं की बड़ी हिस्सेदारी, सीमित नाम कटौती और शहरी क्षेत्रों में बढ़ता दबाव साफ संकेत दे रहा है कि इस बार चुनाव में नया वोटर ही परिणाम की दिशा तय कर सकता है और पारंपरिक समीकरणों को चुनौती मिलना तय माना जा रहा है।

### विधानसभावार प्रभाव, हर सीट का अलग गणित

करंट क्राइम। लोनी विधानसभा क्षेत्र में तेजी से बढ़ती आबादी और नई कॉलोनियों के कारण मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे यहां नए वोटर सबसे बड़ा फैक्टर बनकर उभरे हैं। मुरादनगर में ग्रामीण और शहरी संतुलन के बीच सीमित लेकिन असरदार बदलाव देखने को मिला है। साहिबाबाद सीट पर सबसे ज्यादा मतदाता दबाव है, जहां हर वोट की अहमियत बढ़ गई है और मुकाबला बेहद कड़ा रहने की संभावना है। गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र में मिडिल क्लास और नए मतदाताओं का मिश्रण चुनाव को संतुलित बना सकता है। मोदीनगर में अपेक्षाकृत स्थिर वोट बैंक के बावजूद हल्का बदलाव दर्ज हुआ है, जबकि धौलाना (आंशिक) क्षेत्र में ग्रामीण प्रभाव अधिक होने के कारण छोटे बदलाव भी परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं।

### आंकड़ों में पूरी कहानी, एक नजर में पूरा गणित

**करंट क्राइम।** अंतिम प्रकाशित सूची के अनुसार जनपद में कुल 23,61,702 मतदाता शामिल हैं, जिनमें 13,19,238 पुरुष, 10,42,330 महिला और 134 थर्ड जेंडर मतदाता दर्ज किए गए हैं। जिले की छह विधानसभा सीटों—लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर और धौलाना (आंशिक)—में कुल 3358 मतदेय स्थलों पर यह मतदाता सूची लागू होगी। दावे और आपत्तियों की प्रक्रिया के दौरान प्राप्त आवेदनों पर नजर डालें तो सबसे अधिक आवेदन फार्म-6 (नए मतदाता जोड़ने) के रूप में आए, जिनकी संख्या 1,69,622 रही, जिनमें से 1,66,314 को अंतिम सूची में शामिल कर लिया गया। वहीं फार्म-7 के तहत 6,347 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5,990 नाम हटाए गए। इसके अलावा फार्म-8 के 34,212 आवेदनों में से 33,463 में संशोधन कर दिया गया, जबकि फार्म-6ए के तहत प्राप्त 52 आवेदनों में 23 को स्वीकृति मिली।

## पुलिस कमिश्नरेट में खत्म होगा सिपाहियों का टोटा
# 1400 सिपाहियों की होगी तैनाती हर थाने को मिलेगा 50 रंगरूट का कोटा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। जल्द ही करीब 1400 प्रशिक्षित सिपाहियों की तैनाती की जाएगी, जिससे न सिर्फ अपराध नियंत्रण बेहतर होगा बल्कि पुलिसिंग की जमीनी पकड़ भी मजबूत होगी।



तो पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के अनुसार, इन दिनों पुलिस लाइन गाजियाबाद में 1400 से अधिक सिपाहियों की ट्रेनिंग अंतिम चरण में है। 20 अप्रैल के बाद इनकी पासिंग आउट परेड आयोजित होगी, जिसके बाद सभी को फील्ड में तैनात कर दिया जाएगा।

**हर थाने को मिलेंगे 50-50 सिपाही**

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट में सीपी के प्लान के तहत इन नए सिपाहियों को करीब 25 थानों पर तैनात किया जाएगा। यानी प्रत्येक थाने को औसतन 50 सिपाही मिलेंगे। इससे थानों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी पहले से ज्यादा नजर आएगी। गर्मी के मौसम में स्नैचिंग और सड़क अपराधों में बढ़ोत्तरी की आशंका को देखते हुए इन सिपाहियों को लेपर्ड और बीट ड्यूटी में लगाया जाएगा। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने में भी इनकी अहम भूमिका होगी। वहीं पुलिस विभाग में आमतौर पर 5 सिपाहियों पर एक दरोगा का अनुपात माना जाता है, लेकिन बीते महीनों में यह संतुलन बिगड़ गया था। कई जगहों पर दरोगा अधिक और सिपाही कम नजर आ रहे थे। नई तैनाती के बाद यह अनुपात फिर से संतुलित होगा, जिससे ऑपरेशनल दक्षता बढ़ेगी।

कुल मिलाकर, 1400 नए सिपाहियों की तैनाती गाजियाबाद पुलिस के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है, जिससे अपराध पर लगाम और कानून-व्यवस्था दोनों में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है।



### सिपाही ही पुलिसिंग की रीढ़ : सीपी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा कि सिपाही पुलिस व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। उनकी संख्या बढ़ने से फील्ड में रिस्पॉन्स टाइम सुधरेगा, गश्त बढ़ेगी और आम जनता को सुरक्षा का बेहतर एहसास होगा।

# रूट डायर्वजन सेक्टर-62 से सीआईएसएफ टी पॉइंट सर्विस रोड रहेगी बंद




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में मेट्रो विस्तार कार्य के चलते बड़ा यातायात परिवर्तन लागू किया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा नोएडा सिटी सेंटर से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी तक चल रहे निर्माण कार्य के तहत सेक्टर-62 मॉडल टाउन और सीआईएसएफ टी-पॉइंट के बीच पिलर एवं ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण कार्य को देखते हुए शनिवार 11 अप्रैल सुबह तीन बजे से अगले आदेश तक एनएच-09 (मॉडल टाउन सेक्टर-62) से सीआईएसएफ टी-पॉइंट की ओर आने वाली सर्विस रोड को पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

वहीं दिल्ली की ओर से आने वाले और सीआईएसएफ टी-पॉइंट होते हुए इंदिरापुरम जाने वाले सभी वाहनों को अब वैकल्पिक मार्ग अपनाना होगा। ये वाहन गौर ग्रीन कट से होकर गौर ग्रीन गोलचक्कर और कालापत्थर कट के रास्ते इंदिरापुरम की ओर जा सकेंगे। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस दौरान आमजन अनावश्यक रूप से बंद मार्ग पर न जाएं और पहले से ही अपने सफर की योजना बना लें। यातायात पुलिस ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें और सड़क पर लगाए गए संकेतों व पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करें, ताकि जाम और अव्यवस्था से बचा जा सके। यह मार्ग परिवर्तन मेट्रो निर्माण कार्य को सुरक्षित और सुचारू रूप से पूरा करने के लिए लागू किया गया है, जिससे भविष्य में लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

# आज हाउस टैक्स को लेकर जनता को मिल सकती है बड़ी राहत
## मेयर ने बुलाई सांसद-विधायकों के साथ प्रेसवार्ता




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स को लेकर एक लम्बी जंग चली है। एक ऐसा प्रकरण इसे कहा जा सकता है जिसकी गूंज सरकारों तक गयी है। एक ऐसा मामला जिसमें हाईकोर्ट में निगम प्रशासन और भाजपा के दो पूर्व सीनियर पार्षद आमने सामने आ गये। जिसमें तीन बात मेयर ने ये घोषणा की कि बढ़ी हुई दर पर हाउस टैक्स नहीं लिया जायेगा। मेयर ने आज घोषणा की और कल निगम के कर्मचारी जनता के दरवाजों पर थे। टैक्स वसूलने के लिए हाथों में मशीनें थीं। मेयर ने कहा जो कह दिया सो कह दिया। लेकिन अगले दिन गली मौहल्लों में ईशिक्शा ऐलान कर रही थीं कि हाउस टैक्स जमा नहीं कराया तो छूट समाप्त हो रही है। पूर्व मेयर ने अपने घर का हाउस टैक्स सदन के फैसलों के बाद भी नयी दरों पर जमा कराया। ये गाजियाबाद नगर निगम के इतिहास में पहला मामला था जब निगम प्रशासन ने टैक्स की लड़ाई हाईकोर्ट में लड़ी। भाजपा के पार्षद हाउस टैक्स बृद्धि के विरोध में धरने पर बैठ गये। भाजपा के शहर विधायक संजीव शर्मा ने शासन को पत्र लिखा और कहा कि ये वृद्धि उचित नहीं है। हाउस टैक्स की तकरार यहीं पर खत्म नहीं हुई। जब प्रभारी मंत्री ने डाक बंगले में बैठक ली तो यहां फिर वही मुददा उठा।

हाउस टैक्स का मुददा नगरनिगम का था लेकिन इसे सुलझाने के लिए लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को आगे आना पड़ा। दिनेश गोयल को आना पड़ा, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने संज्ञान लिया और नरेन्द्र कश्यप ने संज्ञान लिया। बताते हैं कि ये मामला शासन तक पहुंचा और तभी से इस पर मंथन चिंतन चल रहा था। दैनिक करंट क्राइम ने जनता के इस मुददे को लगातार उठाया। जनता की जेब पर पड़ रहे इस अतिरिक्त बोझ की बात खबरों के माध्यम से सरकार तक पहुंचाई। तीन दिन पहले ही करंट क्राईम ने सुनील शर्मा ने बात की और इस बात के संकेत मिल गये थे कि कोई अच्छी न्यूज आने वाली है। सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की थी और कहा था कि उन्होंने कभी टैक्स नहीं बढ़या। दैनिक करंट क्राइम ने खबर प्रकाशित की और कहा कि शासन से राहत मिलने जा रही है। सूत्र बताते हैं कि आज हाउस टैक्स को लेकर शासन स्तर पर बड़ा फैसला आ सकता है।

### आज मीडिया से रूबरू होंगे सांसद, विधायक और मेयर

करंट क्राइम। आज लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, मेयर सुनिता दयाल, विधायक अजितपाल त्यागी, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मीडिया से रूबरू होंगे। इस बात की प्रबल संभावना है कि आज जनता को राहत मिलेगी। हाउस टैक्स को लेकर शासन ने कोई सुखद एक्शन लिया है। जनता की चाहत आज पूरी हो सकती है। आज शासन के इस आदेश को सांसद अतुल गर्ग, मेयर सुनीता दयाल तथा अन्य विधायक जारी करेंगे।

### दस प्रतिशत से लेकर बीस प्रतिशत तक हो सकती है हाउस टैक्स की दर में वृद्धि

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि हाउस टैक्स का नया सलैब आज घोषित हो सकता है। निगम सूत्रों की मानें तो आज हाउस टैक्स में वृद्धि का नया सलैब लागू होगा। बताया जाता है कि ये वृद्धि केवल दस प्रतिशत से बीस प्रतिशत होगी। पूर्व में की गयी वृद्धि को वापस लिया जायेगा। जनता के लिए ये बड़ी राहत होगी। शासन स्तर से इस पूरे मामले पर फैसला आ रहा है। आज सुबह साढ़े 11 बजे निगम कार्यकारिणी कक्ष में इस राज से पर्दा उठ जायेगा।

### जिसका था इंतजार आ गयी वो बहार, जनता से किया वादा हुआ पूरा, मुख्यमंत्री योगी जी का हृदय से आभार

करंट क्राइम। हाउस टैक्स के मामले पर पार्षदों ने आवाज उठायी। लेकिन यहां एक आवाज निगम सदन के पदेन सदस्य और शहर विधायक संजीव शर्मा की भी थी। संजीव शर्मा शहर की जनता से जुड़े इस मुददे पर आगे आये। उन्होंने मुख्यमंत्री को लैटर लिखा। जब निगम पार्षद धरने पर बैठे तो संजीव शर्मा सबसे पहले उन्हें जूस पिलाने पहुंचे, उन्हें समझाया। डाक बंगले वाली अहम बैठक में भी उन्होंने इस मुददे को उठया। उनका कहना था कि अधिक वृद्धि से जनता का बजट बिगड़ेगा। इससे आम जनमानस में सरकार की छवि अच्छी नहीं मानी जायेगी। हाउस टैक्स कम होने की प्रबल संभावनाओं के बीच शहर विधायक ने कहा कि जिसका मुझे इंतजार था वो बहार आ गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार निश्चित रूप से कुछ अच्छा कर रही है जिससे जनताको राहत मिलेगी। इससे अधिक उन्होंने कुछ भी बताने से इंकार किया और कहा कि मैं सबसे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने लाखों लोगों के विषय में विचार किया और राहत दी। एक विधायक होने के नाते मैंने जनता से जो वादा किया था उसे पूरा कर पाया हूं।

# जब मान सिंह गोस्वामी ने औचक निरीक्षण करके, करा दिये दो प्रशिक्षण शिविर निरस्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पार्टी अगर कोई आयाम चला रही है तोवो इसके पीछे एक व्यापक सोच रखती है। भाजपा अगर प्रशिक्षण वर्ग शिविर चला रही है और उसमें क्षेत्र स्तर के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की डयूटी लगा रही है तो इसके पीछे रणनीति होती है। ये पार्टी के बड़े आयाम हैं। संगठन की दृष्टि से इनका महत्व है और ऐसे ही नहीं इन कार्यक्रमों को लेकर प्रभारी बनाये गये हैं। जिन्हें प्रभारी बनाया है वो कितनी जिम्मेदारी से इस दायित्व को पूरा कर रहे हैं। ये घटना बताती है कि सभी प्रभारियों को इस मामले में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी से एक सीख लेने की जरूरत है।

संगठन के पद पर हों तो अनुशासन क्या चीज होता है, पार्टी के प्रति समर्पण क्या होता है और दी गयी जिम्मेदारी को कितनी शिद्दत से निभाया जा रहा है ये सबसे अहम चीज है। सूत्र बताते हैं कि एक प्रशिक्षण वर्ग शिविर को लेकर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी को सूचना मिली कि मेरठ जिले के सिवास खास और गेझा मंडल में चल रहे प्रशिक्षण वर्ग शिविर में अनियमितता है। कोई और पदाधिकारी होता तो इस सूचना को सुनकर टाल सकता था। लेकिन मानसिंह गोस्वामी ने गजब की संगठन क्षमता और जिम्मेदारी दिखाई है। बताते हैं कि वो रात को एक बजे रोहटा मंडल और गेझा मंडल में पहुंचे और औचक निरीक्षण किया।

मानसिंह गोस्वामी को मिली सूचना सटीक थी और कहने को ये प्रशिक्षण वर्ग शिविर था। इसमें शिविर में पदाधिकारियों को रात्रि प्रवास करना था लेकिन मान सिंह गोस्वामी के औचक निरीक्षण में एक भी कार्यकर्ता नहीं मिला। उन्होंने इस शिविर को कैंसिल करते हुए दोबारा से इस शिविर को लगाने के निर्देश दिये। निरीक्षण में मानसिंह गोस्वामी ने निर्देश दिये और अब दोबारा से ये प्रशिक्षण वर्ग शिविर होंगे और इसमें सात सत्र एक साथ लेने होंगे।

# दरिंदे को मिली 10 साल की सजा
## कारावास और 2 लाख रुपये का लगाया अर्थदंड
## पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन ने दुष्कर्मी को सख्त अंजाम तक पहुंचाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत एक जघन्य अपराध में आरोपी को सख्त सजा दिलाकर पुलिस ने मजबूत संदेश दिया है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। थाना विजयनगर क्षेत्र के इस चर्चित मामले में वर्ष 2016 में एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई थी। पीड़िता के परिजनों ने 12 जनवरी 2016 को मुकदमा दर्ज कराया, जिसके बाद पुलिस ने गंभीरता से जांच शुरू की। मामले में आरोपी अरुण कुमार सिन्हा, निवासी गौर सिटी वन नोएडा एक्सटेंशन को नामजद किया गया। उस पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376/377 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत आरोप तय किए गए। मामले की विवेचना तत्कालीन उपनिरीक्षक प्रतिमा त्यागी द्वारा साक्ष्यों के आधार पर की गई, जिसमें सभी महत्वपूर्ण सबूत जुटाए गए। वहीं, विशेष लोक अभियोजक संजीव कुमार बखरवा ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए आरोपी के खिलाफ मजबूत पक्ष रखा। पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की गई, जिससे केस को मजबूती मिली। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट), कोर्ट संख्या-02, गाजियाबाद ने आरोपी को दोषी करार देते हुए पॉक्सो एक्ट की धारा 5(डी) के तहत 10 वर्ष के कठोर कारावास और 2 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। यह फैसला न केवल पीड़िता के लिए न्याय है, बल्कि समाज के लिए भी एक कड़ा संदेश है कि गाजियाबाद पुलिस अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए हर हाल में उन्हें सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# नेशनल हाईवे पर स्विफ्ट डिजायर में लगी भीषण आग, बाल-बाल बचे सवार



**गाजियाबाद, करंट टाइम।** गाजियाबाद में चलती गाड़ियों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला शुक्रवार को यूपी गेट के पास नेशनल हाईवे-24 (मेरठ हाईवे) का है, जहां एक स्विफ्ट डिजायर कार में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि कार में आग इतनी तेजी से फैली कि उसमें सवार लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। किसी तरह दोनों सवारों ने समय रहते गाड़ी से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला तकनीकी खामी का लग रहा है, लेकिन पूरे मामले की जांच की जा रही है। लगातार बढ़ रही ऐसी घटनाओं को देखते हुए वाहन चालकों को सतर्क रहने और समय-समय पर अपने वाहनों की जांच कराने की सलाह दी जा रही है।



# 37 साल पुराना मामला खत्म

## बर्खास्तगी को हाईकोर्ट ने ठहराया सही




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 37 साल पुरानी रिट याचिका खारिज करते हुए दिल्ली राज्य सहकारी संघ के पूर्व सेल्स क्लर्क की 1989 में हुई सेवा समाप्ति को वैध ठहराया। कोर्ट ने कहा कि 40 हजार की हेराफेरी और 916 रुपये नकदी की कमी जैसे गंभीर आरोप में विश्वास टूटने का मामला बनता है।

**40 हजार की हेराफेरी और नकदी कमी पर सख्त टिप्पणी**

दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के पूर्व कर्मचारी की 37 साल पुरानी रिट याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति शैल जैन की एकलपीठ ने औद्योगिक अधिकरण के 5 जुलाई 2002 के आदेश को बरकरार रखा, जिसमें कर्मचारी की सेवा समाप्ति को वैध और उचित ठहराया गया था।

उमा शंकर शर्मा 14 जुलाई 1971 से दारियागंज बिक्री काउंटर पर सेल्स क्लर्क के पद पर कार्यरत थे। उन्हें 12 अप्रैल 1989 को चार्जशीट दी गई थी, जिसमें 1986-1989 के दस्तावेजों में 40 हजार रुपये की हेराफेरी और 916 रुपये की नकदी की कमी का आरोप लगाया गया था। आंतरिक जांच में पाया गया कि बिक्री, सदस्यता और प्रकाशनों से प्राप्त नकदी राशि लेखों में दर्ज नहीं की गई। घरेलू जांच में आरोप सिद्ध पाए जाने के बाद 1989 को उनकी सेवा समाप्त कर दी गई। शर्मा ने औद्योगिक विवाद उठाया, जिस पर औद्योगिक अधिकरण ने जांच को अवैध माना, लेकिन प्रबंधन को साक्ष्य देने की अनुमति दी। प्रबंधन के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि कर्मचारी ने खुद लिखित नोटिंग में राशि जमा करने का वादा किया था और चिकित्सा खर्च के लिए धन का उपयोग स्वीकार किया था। हाईकोर्ट ने कहा कि वित्तीय हेराफेरी जैसे गंभीर आरोप में विश्वास टूटने का मामला बनता है।

# यूपी की अंतिम मतदाता सूची जारी, 13.39 करोड़ वोटर दर्ज

## 166 दिन की पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद सामने आए नए आंकड़े

**एसआईआर के बाद करीब 2 करोड़ मतदाता सूची से बाहर**

**पुरुष 54.54% और महिला 45.46% मतदाता शामिल**



**लखनऊ।** यूपी में 166 दिन तक चली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद (एसआईआर) प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस सूची के अनुसार प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। प्रदेश के कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष, जबकि 45.46 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। इसके पहले, प्रदेश में 27 अक्तूबर 2025 को फ्रीज मतदाता सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे। एसआईआर के बाद प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख मतदाता रह गए हैं। एसआईआर की प्रक्रिया में प्रदेश में दो करोड़ (2.05) करोड़ मतदाता घट गए हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 6 जनवरी को जारी की गई मसौदा मतदाता सूची के सापेक्ष अंतिम मतदाता सूची में कुल 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम छूट गए हैं वो मतदाता फॉर्म 6 भरकर सूची में शामिल हो सकते हैं।

जारी की गई अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, प्रदेश में पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 6 करोड़, नौ लाख, नौ हजार 525 है। वहीं, तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 4 हजार 206 है। प्रदेश में 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख, 63 हजार 360 है।

### इन पांच जिलों में मतदाताओं की सर्वाधिक वृद्धि हुई

अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, प्रयागराज में मतदाताओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। यहां पर 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता बढ़े। वहीं, लखनऊ में 2 लाख, 85 हजार 961 मतदाता, बरेली में 2 लाख 57 हजार 920 मतदाता, गाजियाबाद में 2 लाख 43 हजार 666 मतदाता और जौनपुर में 2 लाख 37 हजार 590 मतदाताओं की वृद्धि हुई है।

### 6 जनवरी को जारी की गई थी मतदाताओं की मसौदा सूची

इसके पहले, 6 जनवरी को 12.55 करोड़ मतदाताओं की मसौदा सूची जारी की गई थी। उसके बाद 6 मार्च तक लोगों से इस ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां ली गईं। कुल 86.69 लाख लोगों ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने के लिए फॉर्म-6 भरा। वहीं 3.18 लाख लोगों ने नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 भरा है। मतदाता सूची में 1.04 करोड़ लोग ऐसे हैं जिनके नाम का मिलान माता-पिता, बाबा-दादी व नाना-नानी से न होने के कारण इन्हें नोटिस दिया गया था। वहीं 2.22 करोड़ लोग तार्किक विसंगति वाले थे।

# दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 24 साइबर जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पुलिस ने अभियान चलाकर 24 जालसाजों को गिरफ्तार किया है। शुरूआती जांच में साइबर ठगी से जुड़े 150 म्यूल बैंक खातों की पहचान की गई है, जिसमें करीब 42 करोड़ रुपये से अधिक के संदिग्ध लेन-देन का पता चला है।

**दो दिन के अभियान में 150 म्यूल बैंक खातों का खुलासा**

दिल्ली में पश्चिम जिला पुलिस ने साइबर अपराधियों पर शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने दो दिन का विशेष अभियान चलाकर 24 जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही 376 संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जबकि 103 को पाबंद किया गया है।

शुरूआती जांच में साइबर ठगी से जुड़े 150 म्यूल बैंक खातों की पहचान की गई है, जिसमें करीब 42 करोड़ रुपये से अधिक के संदिग्ध लेन-देन का पता चला है। जिला पुलिस उपायुक्त दरादे शरद भास्कर ने बताया कि साइबर और वित्तीय धोखाधड़ी पर लगाम कसने के लिए जिला पुलिस ने एक अभियान चलाया। 6 अप्रैल सुबह 8 बजे से 8 अप्रैल सुबह 8 बजे तक चले इस विशेष अभियान के दौरान जिले के सभी थाने इलाके में एक साथ कार्रवाई की गई। इस दौरान साइबर ठगी से जुड़े नेटवर्क पर शिकंजा कसते हुए 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 103 लोगों को पाबंद किया गया और 376 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

अभियान के दौरान पुलिस ने साइबर अपराध में इस्तेमाल हो रहे म्यूल बैंक खातों, एटीएम व चेक के जरिए निकासी करने वाले गैंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े जालसाजी नेटवर्क को निशाना बनाया। जांच के दौरान करीब 42 करोड़ 12 लाख 67 हजार 430 रुपये के संदिग्ध लेनदेन का पता लगाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस कार्रवाई में 150 म्यूल बैंक खाते, 96 एटीएम निकासी के मामले, और 78 चेक के जरिए निकासी के मामले सामने आए। अभियान के दौरान 179 लोगों को नोटिस जारी किए गए।

# वंदे मातरम विवाद से सियासत गरमाई

## कांग्रेस पार्षदों के इनकार पर बीजेपी का तीखा हमला

**पार्षदों ने धार्मिक स्वतंत्रता का हवाला देकर किया बचाव**

**नई दिल्ली।** इंदौर में कांग्रेस पार्षदों के वंदे मातरम गाने से इनकार पर विवाद बढ़ गया है। बीजेपी ने इसे राष्ट्रीय गीत का अपमान और वोट बैंक की राजनीति बताया, जबकि पार्षदों ने इसे धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार बताते हुए अपने फैसले का बचाव किया। इंदौर नगर निगम की बैठक में वंदे मातरम गाने से इनकार करने की घटना को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। भाजपा ने कांग्रेस और विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन पर राष्ट्रीय गीत का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष देश की गरिमा से ज्यादा वोट बैंक की राजनीति को प्राथमिकता देता है।

दरअसल, 8 अप्रैल को नगर निगम की बजट बैठक के दौरान कांग्रेस की पार्षद फौजिया शेख अलीम और रुबीना इकबाल ने वंदे मातरम गाने से इनकार कर दिया था। दोनों पार्षदों का कहना था कि उनका धर्म इसकी अनुमति नहीं देता। इस घटना के बाद बैठक में हंगामा भी हुआ और बीजेपी पार्षदों ने नारेबाजी की।



बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि विपक्ष की सोच को दर्शाता है। उन्होंने आईएनडीआईए गठबंधन को भारत विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि ये दल संविधान से ऊपर धार्मिक विचारों को रखते हैं। पूनावाला ने यह भी कहा कि कांग्रेस का एक वर्ग शुरू से ही वंदे मातरम का विरोध करता रहा है।

पूनेवाला ने कहा कि सिद्धारमैया ने वंदे मातरम का विरोध किया है। और अब गठबंधन के सदस्य और कांग्रेस पार्टी के नेता इसे गाने से लगातार इनकार कर रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे संविधान से ऊपर वोट बैंक की राजनीति को रखते हैं।

### विपक्षी नेता धर्म का हवाला देकर राष्ट्रीय गीत से दूरी बना रहे

उन्होंने AIMIM, एनसीपी और समाजवादी पार्टी के नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कई विपक्षी नेता भी धर्म का हवाला देकर राष्ट्रीय गीत से दूरी बना रहे हैं। पूनावाला ने स्वतंत्रता सेनानी अशफाकुल्ला खान का उदाहरण देते हुए सवाल उठाया कि क्या उनका वंदे मातरम गाना गलत था।

### वंदे मातरम गाने के लिए बाध्य नहीं कर सकते

वहीं, कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम ने अपने रुख का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार है और कोई उन्हें वंदे मातरम गाने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह राष्ट्रीय गीत का सम्मान करती हैं। इस मुद्दे पर अब राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है और यह विवाद आगे और बढ़ने के आसार हैं।

# 'सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, लेकिन उन पर नहीं'

**चुनावी रैली में भाजपा पर बरसीं सीएम ममता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला किया। उत्तर 24 परगना जिले के टेंटुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को असम के स्थानीय लोगों के वोटों पर भरोसा नहीं था। इसलिए पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए बाहर से लोग बुलाए। ममता ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को ट्रेन में भरकर असम लाया गया।

ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के राज में देश की कोई भी एजेंसी निष्पक्ष नहीं रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसरिया पार्टी ने सभी एजेंसियों को खरीद लिया है। भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, 'एक सांप पर तो भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर कभी नहीं।' पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी और भाजपा के बीच जुबानी जंग काफी तेज हो गई है।

रैली के दौरान मुख्यमंत्री ने वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 90 लाख नाम हटा दिए गए हैं। एक अखबार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि इन 90 लाख नामों में से 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुस्लिम हैं। उन्होंने असम के एनआरसी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी 19 लाख नाम लिस्ट से बाहर किए गए थे, जिनमें 13 लाख हिंदू और 6 लाख मुस्लिम थे। ममता बनर्जी ने लोगों को आगाह किया कि वे भाजपा पर कभी विश्वास न करें। असम की 126 सीटों के लिए गुरुवार को मतदान हुआ था।



# शिवसेना में हलचल, ऑपरेशन टाइगर पर सियासी घमासान

## विपक्ष ने बताया अटकलबाजी, किसी बड़े बदलाव से किया इनकार

**एकनाथ शिंदे बोले- अफवाहें, हकीकत से दूर**

**उद्धव गुट के सांसदों की एकजुटता का दावा**

**मुम्बई।** महाराष्ट्र की सत्ताधारी शिवसेना में अंदरूनी बेचैनी की खबरों के बीच विपक्ष ने 'ऑपरेशन टाइगर' को अटकलबाजी करार दिया है। उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी इन रिपोर्टों को बेबुनियाद बताया है, जबकि उद्धव गुट के सांसदों की एकजुटता पर जोर दिया गया है।




महाराष्ट्र की सत्ताधारी शिवसेना में अंदरूनी तौर पर बेचैनी की खबरें सामने आ रही हैं, हालांकि विपक्षी नेताओं ने इसे मात्र अटकलें करार दिया है। हाल के दिनों में ऐसी रिपोर्टें सामने आई हैं कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना (यूबीटी) के कुछ नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हो सकते हैं, जिसे 'ऑपरेशन टाइगर' का नाम दिया जा रहा है। विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं ने इन दावों को निराधार बताते हुए कहा है कि राज्य में निकट भविष्य में किसी बड़े राजनीतिक उलटफेर की संभावना नहीं है।

### उपमुख्यमंत्री शिंदे ने किया खंडन

हालांकि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जो सत्ताधारी शिवसेना का नेतृत्व करते हैं, ने शुक्रवार को इन रिपोर्टों को बेबुनियाद बताया और कहा कि ऐसी अफवाहों का उद्देश्य केवल सनसनी फैलाना है।

### 'ऑपरेशन टाइगर' पर विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रिया

कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि सत्ता में होने के बावजूद शिवसेना में, जिसमें एकनाथ शिंदे और उनके मंत्री जैसे शीर्ष नेता भी शामिल हैं, एक तरह की असहजता दिखाई दे रही है। जब उनसे पूछा गया कि क्या शिंदे ने हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) के सांसदों से मुलाकात की है और क्या उद्धव ठाकरे की पार्टी का एक हिस्सा सत्ताधारी शिवसेना में शामिल हो सकता है, तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए सत्ताधारी गठबंधन के मंत्रियों से मिलना सामान्य है। उन्होंने किसी भी राजनीतिक पुनर्गठन की संभावना से इनकार किया। वडेट्टीवार ने यह भी कहा कि हवा में उड़ रहे सभी दावे जमीनी हकीकत को नहीं दर्शाते।

### एनसीपी नेता ने भी बताया कल्पना

एनसीपी (एसपी) के नेता और पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने 'ऑपरेशन टाइगर' के अस्तित्व पर ही सवाल उठाया और इसे अटकलबाजी करार दिया। उन्होंने दावा किया कि उद्धव ठाकरे की पार्टी के सभी सांसद एकजुट हैं और अपने नेता का पुरजोर समर्थन करते हैं। देशमुख के अनुसार, इस एकजुटता को देखते हुए निकट भविष्य में किसी बड़े राजनीतिक उथल-पुथल या पार्टी विभाजन की संभावना बहुत कम है।

# मतदाता सूची फ्रीज करने का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

## 13 अप्रैल को सीजेआई की पीठ करेगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** इससे पहले छह अप्रैल को पीठ ने इस बात पर संज्ञान लिया था कि पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए लगभग 60 लाख दावों और आपत्तियों का निपटारा किया जा चुका है। कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ अपीलों के निपटारे के लिए 19 न्यायाधिकरणों के लिए समान प्रक्रियाएं तैयार करने हेतु पूर्व वरिष्ठ न्यायाधीशों की एक तीन-सदस्यीय समिति गठित करने को कहा था।

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को फ्रीज करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। चुनाव आयोग के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 13 अप्रैल को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने शुक्रवार को इस मामले पर नई याचिका के साथ लंबित याचिकाओं पर भी विचार करने पर सहमति जताई।

चुनाव आयोग ने पहले चरण के मतदान वाली विधानसभा सीटों के लिए नौ अप्रैल को मतदाता सूची को अंतिम रूप देते हुए फ्रीज कर दिया था। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में होंगे, जबकि मतगणना 4 मई को होगी। मतदाता सूची फ्रीज करने का मतलब है कि इस विधानसभा चुनावों के लिए सूची में किसी भी नए व्यक्ति को जोड़ा नहीं जा सकेगा, जिसका नाम हटा दिया गया है।

### मतदाता सूची फ्रीज करने के खिलाफ वकील ने दी क्या दलील?

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ के समक्ष एक वकील ने मतदाता सूची को फ्रीज करने के फैसले के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया। वकील ने बताया कि मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ कई अपीलें अभी भी लंबित हैं, जबकि चुनाव आयोग ने नौ अप्रैल को ही सूची को फ्रीज कर दिया है।

### क्या बोले चुनाव आयोग के अधिवक्ता?

इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम 13 अप्रैल को याचिका पर विचार करेंगे। चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डी. एस. नायडू ने बताया कि सूची फ्रीज करने की अंतिम तिथि नौ अप्रैल थी और उसके बाद किसी भी नए नाम पर विचार नहीं किया जाएगा। नायडू ने यह भी कहा कि वोट देने का अधिकार बना रहेगा और ये याचिकाकर्ता भी वैसे ही हैं, जैसे वे अन्य लोग जिनकी अपीलों को स्वीकार किया गया था।

# पवन खेड़ा को राहत, हाईकोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

## एक हफ्ते की अग्रिम जमानत, गिरफ्तारी से मिली राहत

**असम में दर्ज केस, सीएम सरमा की पत्नी पर आरोप**

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को पिछले चार दिनों से चल रही कानूनी अनिश्चितता के बीच बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें एक सप्ताह की अंतरिम जमानत प्रदान की है। तेलंगाना हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि नियमित जमानत के लिए उन्हें निर्धारित समय के भीतर सक्षम अदालत का रुख करना होगा। तेलंगाना हाईकोर्ट ने कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा को असम में दर्ज एक मामले में एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी है। यह राहत शुक्रवार को कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दी। कोर्ट की जज न्यायमूर्ति सुजाना कलासिकम ने कहा कि पवन खेड़ा को एक हफ्ते का समय दिया जाता है ताकि वह संबंधित कोर्ट में जाकर नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें। इस दौरान उन्हें कुछ शर्तों के साथ गिरफ्तारी से राहत मिलेगी।



**पवन खेड़ा पर असम पुलिस ने दर्ज किया है केस :** दरअसल, यह मामला असम पुलिस द्वारा दर्ज किया गया है। पवन खेड़ा पर आरोप है कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे। पवन खेड़ा ने 5 अप्रैल को दावा किया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में संपत्ति है, जिसकी जानकारी चुनावी हलफनामे में नहीं दी गई। पवन खेड़ा से पूछताछ करने पहुंची थी असम और दिल्ली पुलिस दरअसल, असम पुलिस, दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर पवन खेड़ा से पूछताछ करने उनके आवास पर पहुंची थी, लेकिन वे वहां मौजूद नहीं मिले। यह कार्रवाई उस मामले में की जा रही थी जिसमें खेड़ा ने हिमंता बिस्व सरमा की पत्नी पर तीन विदेशी पासपोर्ट रखने का आरोप लगाया था।

इस बीच, पवन खेड़ा ने अग्रिम जमानत के लिए तेलंगाना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने अदालत में अपना आवासीय पता हैदराबाद बताया और गिरफ्तारी की स्थिति में राहत देने की मांग की। बताया जा रहा है कि उनका तेलंगाना से पारिवारिक संबंध है और हैदराबाद में उनका निजी निवास भी है। साथ ही, राज्य में कांग्रेस की सरकार होने को भी इस कदम से जोड़कर देखा जा रहा है। मामले ने तब तूल पकड़ा जब पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और उनकी पत्नी रिंकी सरमा पर गंभीर आरोप लगाए। पवन खेड़ा ने दावा किया कि रिंकी सरमा के पास तीन अलग-अलग देशों के पासपोर्ट हैं और उनके समर्थकों के पास ऐसे दस्तावेज हैं।

### सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने खारिज किए थे आरोप

हालांकि, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें पूरी तरह निराधार, दुर्भावनापूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि पवन खेड़ा जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले सीएम सरमा ने तंज कसते हुए कहा था कि जो व्यक्ति पहले गिरफ्तारी की चुनौती दे रहा था, वही अब जांच से बचने के लिए हैदराबाद चला गया है।

# वृंदावन में दर्दनाक नाव हादसा, पांटून पुल से टकराकर पलटी नाव, 10 श्रद्धालुओं की मौत

**मथुरा।** वृंदावन और मान के बीच यमुना नदी में शुक्रवार को एक नाव पांटून पुल से टकरा गई। इस दुर्घटना में कई लोग यमुना में डूब गए। यह घटना केसी घाट के पास हुई। पुल वृंदावन और मान के बीच बना हुआ है। उत्तर प्रदेश के वृंदावन में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। केसी घाट पर श्रद्धालुओं से भरी एक नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। पुलिस और स्थानीय प्रशासन मिलकर बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया। गोताखोर यमुना के गहरे पानी में डूबे हुए लोगों की तलाश में जुटे हैं।

**पंजाब से आया था श्रद्धालुओं का दल, 25-30 लोग थे सवार**

**25 थे सवार, 15 का रेस्क्यू, 10 की मौत**



### 10 श्रद्धालुओं की मौत

इस दुर्घटना में नाव सवार करीब 25 से 30 श्रद्धालु यमुना के पानी में डूब गए। पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इनमें से एक श्रद्धालु को संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुखद रूप से, इस हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने इसकी पुष्टि की है। वहीं बाकियों की तलाश जारी है।

### बचाव कार्य और स्थिति

सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने बिना देर किए बचाव अभियान शुरू कर दिया। दुर्घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है, जिससे बचाव कार्य में थोड़ी बाधा आ रही है। प्रशासन ने लोगों से शांत रहने और बचाव दल का सहयोग करने की अपील की है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### सीएम योगी ने जताया दुख



हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, जनपद मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव व राहत कार्य संचालित करने और घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

### पंजाब से आया था 150 लोगों का दल

जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि 150 लोगों का दल लुधियाना, पंजाब और मुक्तेश्वर से आया है और ये सभी उनमें ही शामिल थे। बताया गया है जिस नाव में लोग सवार थे वो भी पलट कर डूब गई है और उसकी तलाश भी जारी है। जिसकी यह नाव है वो प्राइवेट नाविक था।



# प्रतापगढ़ जेल में बंदी की संदिग्ध मौत

## आग में जलकर गई जान, तीन अधिकारी निलंबित

**गंभीर धाराओं में जेल में बंद था मृतक बंदी**

**डीआईजी जेल को सौंपी गई विस्तृत जांच**

**लखनऊ।** प्रतापगढ़ जिला जेल में एक विचाराधीन बंदी की संदिग्ध हालात में आग से जलकर मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में लापरवाही सामने आने पर तीन जेल अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं, जिससे घटना के कारणों का पता लगाया जा सके।

जिला कारागार प्रतापगढ़ में शुक्रवार दोपहर एक विचाराधीन बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में आग से जलकर मौत हो गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए जेल प्रशासन ने तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। तीनों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। मामले की शुरूआती जांच में लापरवाही की पुष्टि हुई।




उन्नाव निवासी दीपक उर्फ राहुल एक नवबर 2025 में जेल में बंद था। उस पर कंधई थाने में छेड़छाड़, धमकी, आत्महत्या के लिए उकसाने और पॉक्सो एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज था। दोपहर करीब 12 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिसमें दीपक चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। डीजी जेल पीसी मीणा ने बताया कि मामले में हेड जेल वार्डर चोन्हर कुमार, अखिलेश सिंह और उप कारापाल ध्रुव नारायण श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच डीआईजी जेल प्रदीप गुप्ता को सौंपी गई है।

11 April -26 page 3 10-04-26 11:14 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




करंट क्राइम | ट्वीट का करंट

Kavita Kargeti
56m ·

सत्य कहो स्पष्ट कहो
कहो न सुंदर झूठ
चाहे कोई खुश रहे
चाहे कोई जाए रूठ।



# 2022 के मुकाबले घट गये हैं लगभग 6 लाख वोट
## किसे देगी ये स्थिति चोट और किसे करेगी पॉलिटिकल सपोर्ट




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वोटर लिस्ट का प्रकाशन हो गया और इस प्रकाशन के प्रकाश में ये पता चला है कि पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार लगभग 6 लाख वोटर मतदान ही नहीं कर पायेंगे। ये एसआईआर अभियान का सबसे बड़ा साईड इफैक्ट सामने आया है। एसआईआर अभियान का ये असर हुआ है कि पांच विधानसभाओं में लगभग 5,80,000 वोट नहीं है। तार्किक रूप से इन्हे एएसडी वोट कहा जा सकता है। लेकिन हकीकत ये है कि ये कटी हुई वोट पूरे चुनाव के समीकरण को प्रभावित करेंगी।5,80,000 वोटर जब वोटर लिस्ट से हट जायेंगे तो जाहिर है कि इसका असर पड़ेगा। वोटर लिस्ट की अंतिम प्रकाशन सूचि के बाद ये खुलासा हुआ है। लगभग 6 लाख वोटर लोनी, साहिबाबाद, शहर, मुरादनगर मोदीनगर और धौलाना आंशिक सीट से गायब हैं। ये कटाहुआ वोट किसको सपोर्ट करेगा और किसके सियासी समीकरण पर सूट करेगा ये 2027 में पता चलेगा। लेकिन हैरानी की बात है कि वोटर की इतनी बड़ी संख्या ने रूची ही नहीं ली। किसी ने पहले फॉर्म भरकर नहीं दिये और कई लाख ऐसे हैं जिन्हें नॉटिस मिले और उन्होंने नोटिस का जवाब ही नहीं दिया। अब परिस्थितियां पहले जैसी नहीं रही हैं। 2022 में चुनाव हुआ और जब एसआईआर अभियान चला है तो कुल मतदाताओं की संख्या 29,41,624 थी। और 2026 में एसआईआर अभियान चलने के बाद यहां मतदाताओं की संख्या घटकर 23,61000 रहा गयी है। तुलनात्मक रूप से इसके आंकड़े पांचों विधानसभाओं में हैं।

10 अप्रैल को प्रकाशित मतदाता सूचि के अनुसार अब गाजियाबाद विधानसभा की सभी विधानसभाओं में मतदाताओं की कुल संख्या 2361702 है। यह आंकड़े वेबसाईड पर उपलब्ध डाटा के आधार पर लिये गये हैं।

### शहर गाजियाबाद सीट पर 2022 में 476337 वोटर थे और अब 390472 वोटर बचे हैं

करंट क्राइम। एसआईआर अभियान के बाद शहर विधान सभा सीट में 390472 मतदाता है। जब कि एसआईआर अभियान के पहले यहां 476337 मतदाता थे।

मोदीनगर विधानसभा में तब थे 333000 वोटर और अब 308109 वोटर हैं।

करंट क्राइम। मोदीनगर में वर्ष 2022 की मतदाता सूचि में 333000 वोटर थे और एसआईआर अभियान के बाद 10 अप्रैल को जो मतदाता सूचि प्रकाशित हुई है उसमें 308109 वोटर हैं।

### लोनी विधानसभा में तब थे 523641 वोट और अब हैं 446941 मतदाता

**करंट क्राइम।** लोनीकी बात करें तो लोनी में वर्ष 2022 में 523641 वोट थे और अब लोनी में 446941 मतदाता हैं। यहां बड़ी संख्या में वोट कटे हैं और ये आंकड़ा चुनाव को प्रभावित करेगा।

### साहिबाबाद में तब थे 10,53661 और वर्तमान में मौजूद हैं 7,25,905 वोटर

करंट क्राइम। साहिबाबाद विधानसभा देश की सबसे बड़ी विधानसभा है। यहां एएसडी फैक्टर ने वोटर लिस्ट को प्रभावित किया है। वर्ष 2022 में यहां 10,53661 वोटर थे और अब यहां 7,25,905 वोटर हैं।

### लोनी विधानसभा में तब थे 523641 वोट और अब हैं 446941 मतदाता

**करंट क्राइम।** लोनीकी बात करें तो लोनी में वर्ष 2022 में 523641 वोट थे और अब लोनी में 446941 मतदाता हैं। यहां बड़ी संख्या में वोट कटे हैं और ये आंकड़ा चुनाव को प्रभावित करेगा।

### मुरादनगर में 2022 में थे 4,67395 वोटर थे और अब एसआईआर अभियान के बाद 39,206 वोटर

करंट क्राइम। मुरादनगर विधानसभा में भी वोटों की संख्या में काफी अंतर आया है। यहां वर्ष 2022 में मतदाताओं की संख्या 4,67395 थी और अब मतदाताओं की संख्या 39,206 है

### धौलाना आंशिक में तब थे 474010 वोटर और अब हैं 2361702 वोटर

करंट क्राइम। धौलाना आंशिक विधानसभा में एसआईआर अभियान से पहले 2361702 वोटर थे और एसआईआर अभियान के बाद 10 अप्रैल 2026 को जो प्रकाशित हुई है उसके बाद धौलाना विधानसभा में अब 474010 वोटर रह गये हैं।

# घायल युवक पहुंचा कोमा में अस्पताल में तैनात हुआ पुलिस बल
## अब तक हो चुके हैं चार पुलिसकर्मी सस्पेंड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर पालिका में आउटसोर्सिंग पर कार्यरत अमित चौधरी के कोमा में जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस और परिजनों के अलग-अलग बयान सामने आ रहे हैं, जिससे मामला संवेदनशील बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने अमित को उसके दोस्तों के साथ शराब पीते हुए पकड़ा था और मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया जा रहा था। रास्ते में एक स्थान पर गाड़ी रुकने पर वह निकलकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद अमित को हवालात में ले जाकर बुरी तरह पीटा गया और थर्ड डिग्री दी गई, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। वहीं पुलिस का कहना है कि भागते समय वह एक ट्रक से टकरा गया, जिससे वह घायल हुआ। अमित को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह पिछले 24 घंटे से कोमा में है और वेंटिलेटर पर रखा गया है। एहतियातन अस्पताल में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। उधर इस पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर सब इंस्पेक्टर लोकेन्द्र, शाहिद खान, सिपाही सचिन मोहन और नरेन्द्र नाम के चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा के अनुसार, प्रथम दृष्टि में मामला हादसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन जांच जारी है और यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो आगे भी कार्रवाई की जा सकती है। उधर परजिनों का दावा भी है कि अमित को उसके घर से पकड़ा गया था, हालांकि इस संबंध में आधिकारिक रूप से कोई स्पष्ट जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है।



# मोर्चे का प्रधान बनने के दावेदारों को करना होगा अभी मई महीने तक आराम
## पहले घोषित होगी प्रदेश की टीम, फिर क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम और उसके बाद होगी घोषणा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर की टीम घोषित हो गयी है और अब महानगर की टीम में स्थान पाने से वंचित रह गये दावेदार इस उम्मीद में हैं कि वो क्षेत्र में आ सकते हैं। कुछ ये मानकर चल रहे हैं कि प्रदेश टीम में समायोजन हो सकता है। लेकिन जो सबसे बड़ा अरमान पल रहा है वो मोर्चा को लेकर पल रहा है। किसी को उम्मीद है कि किसान मोर्चा वाला ताज उसके सिर पर आ सकता है।

कोई भाजपा युवा मोर्चा की टीम की कप्तानी लेने की तैयारी कर रहा है। किसी के अरमान महिला मोर्चा के अध्यक्ष वाले पद से जुड़े हैं। कोई ओबीसी मोर्चा काप्रधान बनना चाहता है। कुछ मिलाकर अब एक लड़ाई मोर्चा के अध्यक्षों वाले ताज को लेकर चल रही है। कहीं अध्यक्ष की परिक्रमा शुरू कर दी है तो कोई दिल्ली टू नागपुर के टूर लगा रहा है। कब तक नम्बर आयेगा और मेरा नम्बर कब आयेगा वाले सीन में एक महीने वाला ट्विस्ट आ गया है। सूत्र बताते हैं कि अभी मोर्चा में समायोजित होने वाले चेहरों को मई महीने का इंतजार करना पड़ सकता है। इसके बाद ही ये तमन्ना पूरी होगी। सूत्र बता रहे हैं कि इसके पीछे का कारण प्रदेश टीम की घोषणा है। वो बता रहे हैं कि सबसे पहले प्रदेश टीम की घोषणा होगी। प्रदेश अध्यक्ष का नाम पहले ही घोषित हो चुका है और अब उनकी टीम घोषित होगी। जिस दिन प्रदेश की टीम घोषित होगी उस दिन भाजपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी घोषित हो जायेगा। इसके बाद प्रक्रिया शुरू होगी। जहां तक मोर्चा बंदी कर रहे अध्यक्षों का सवाल है तो उन तक भी ये संदेश पहुंच चुका है कि अभी मोर्चो को लेकर संगठन जल्दबाजी में नहीं है।

प्रदेश वाली टीम घोषित होगीतो ये भी संभव है कि फिर राष्ट्र की टीम के नाम तय होंगे। और उसके बाद मोर्चा की शुरूआत पहले प्रदेश से हो और क्षेत्र से हो और फिर महानगर और जिले का नम्बर आये। सूत्र यही बता रहे हैं कि 30 अप्रैल तक प्रदेश की टीम घोषित होगी। फिर मई के पहले हफ्ते में राष्ट्र की टीम के नाम घोषित हो जायेंगे। और उसके बाद फिर मोर्चा वाले नाम घोषित होंगे।

# अपर्णा यादव का सख्त अल्टीमेटम, महिलाओं पर जुल्म हुआ तो बख्शा नहीं जाएगा, हर शिकायत पर तत्काल कार्रवाई हो




### - कई कार्यक्रमों में भाग लिया और किया निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने गाजियाबाद दौरे के दौरान प्रशासनिक तंत्र को कड़े तेवर में साफ संदेश दिया है। महिलाओं के साथ किसी भी तरह का शोषण, उत्पीड़न या लापरवाही अब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि हर शिकायत पर तुरंत, प्रभावी और जवाबदेह कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, अन्यथा जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई तय है। करहेड़ा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम में शामिल होते हुए अपर्णा यादव ने महिलाओं के पोषण को लेकर भी सख्त रुख दिखाया। उन्होंने कहा कि कुपोषण किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है, महिलाओं और बच्चों तक पोषण योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचना ही चाहिए।

### बच्चों के साथ काटा केक

करंट क्राइम : इसके बाद सेक्टर-23 स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में पहुंचीं, जहां 10 नवजात बेटियों का केक काटकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा, बेटियों का सम्मान सिर्फ कार्यक्रमों तक सीमित न रहे, जमीनी स्तर पर उनकी सुरक्षा और अधिकार सुनिश्चित हों।



इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी शशी वार्ष्णेय, विधि सह-परिविक्षा अधिकारी लोकेन्द्र सिंह और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीरज सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### हर पीडित महिला को मिले न्याय

करंट क्राइम : वन स्टॉप सेंटर यूनिट-01 के निरीक्षण में अपर्णा यादव ने लंबित मामलों पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में देरी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी। हर पीड़ित महिला को समय पर न्याय मिलना ही चाहिए, वरना जिम्मेदार अधिकारी खुद कार्रवाई के दायरे में आएंगे। दौरे के अंतिम चरण में जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों के इलाज में लापरवाही मिली तो सीधे कार्रवाई होगी। हर मरीज को बेहतर इलाज और सम्मानजनक देखभाल मिलनी ही चाहिए। अपर्णा यादव ने स्पष्ट किया कि अब केवल योजनाओं की घोषणा नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर उनका असर दिखना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से कहा कि महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य और न्याय से जुड़े हर मोर्चे पर जवाबदेही तय की जाए और किसी भी प्रकार की ढिलाई पर तुरंत कार्रवाई हो।

# वैशाली चौकी प्रभारी की ईमानदारी ने जीता दिल
## 4.50 लाख के जेवर लौटाकर पुलिस का बढ़ाया मान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस की जनसेवा और ईमानदारी एक बार फिर मिसाल बनकर सामने आई है। कौशाम्बी थानाक्षेत्र के वैशाली चौकी प्रभारी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक महिला का खोया हुआ पर्स उसके पास सुरक्षित पहुंचाया, जिसमें करीब 4.50 लाख रुपये के कीमती जेवर और महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद थे। चौकी प्रभारी के अनुसार, उन्हें सड़क पर एक पर्स मिला, जिसकी जांच करने पर उसमें मंगलसूत्र, अंगूठी सहित अन्य जेवर और आधार कार्ड मिला।



आधार कार्ड के जरिए महिला की पहचान खुशबू के रूप में हुई, जो अपने बीमार पति प्रकाश (निवासी वैशाली, बिहार) के पास जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान रास्ते में उसका पर्स गिर गया, जिससे वह काफी परेशान हो गई थी। भूपेंद्र प्रताप सिंह ने तत्परता दिखाते हुए आधार कार्ड में दर्ज नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन नंबर बंद मिला। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अन्य माध्यमों से महिला का दूसरा संपर्क नंबर जुटाया।

लगातार प्रयासों के बाद महिला से संपर्क स्थापित हुआ, जो उस समय बिहार में थी। महिला के गाजियाबाद लौटने पर चौकी प्रभारी ने उसे थाने बुलाकर पूरा सामान सुरक्षित सुपुर्द कर दिया। अपने कीमती जेवर वापस पाकर खुशबू भावुक हो गई और गाजियाबाद पुलिस, खासतौर पर वैशाली चौकी प्रभारी का आभार जताया। यह घटना न सिर्फ वैशाली चौकी प्रभारी भूपेंद्र प्रताप सिंह की ईमानदारी और समर्पण को दशार्ती है, बल्कि गाजियाबाद पुलिस की सकारात्मक और भरोसेमंद छवि को भी और मजबूत करती है। ऐसे कार्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास की डोर को और सशक्त बनाते हैं।

# कांग्रेस के कार्यालय के अंदर से असम के सीएम के पुतले को छीनकर ले गई पुलिस




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी और पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में असम के मुख्यमंत्री खिलाफ कांग्रेस कार्यकताओं ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्व सरमा का पुतला फुंकने की तैयारी कर रहे थे, इस बीच पुलिस वहां पहुंच गई और कार्यालय में घुसकर पुतले को अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच जमकर नोक झोंक हुई। कांग्रेस कार्यकताओं ने पुलिस के रवैया का जोरदार विरोध किया उन्होंने पुलिस से पुतला छीनने की कोशिश की लेकिन बड़ी संख्या में पहुंचे पुलिस कर्मियों ने पुतले को अपने कब्जे में ले लिया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्व सरमा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतले को लेकर जिला मुख्यालय की ओर बढ़ रहे थे कि वहां पुलिस आ गई और कार्यालय में घुसकर पुतले को कार्यकताओं से छीन लिया।

पूर्व निर्धारित प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कांग्रेसजन असम सीएम का पुतला लेकर फूंकने के लिए कार्यालय से निकल कर कलेक्ट्रेट की तरफ बढ़े। लेकिन कांग्रेसजनों ने पुलिस को देखकर वहीं पुतले में आग लगा दी। पुलिस धक्का मुक्की कर जला हुआ पुतला छीन ले गई।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश कुमार शर्मा ने आरोप लगाया कि बीजेपी और उसकी सरकार को लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। विपक्ष को आंदोलन करने का लोकतांत्रिक अधिकार है। कांग्रेस नेता सुशांत गोयल ने कहा असम के मुख्यमंत्री चुनाव में हर रहे हैं। यही कारण है कि वह बौखला गए हैं वह जिस भाषा का प्रयोग कर रहे हैं उससे उनकी मानसिकता का पता चलता है। सुशांत गोयल ने कहा कि राहुल गांधी ने हिमंता को सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया है। वह सिर्फ हिंदू मुस्लिम कर चुनाव जीतना चाहते थे लेकिन असम की जनता ने उन्हें सबक सिखाने का मन बना लिया है।

इससे पूर्व कार्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई को उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मोहसिना किदवई को अपनी श्रद्धांजलि दी। सतीश शर्मा व अन्य नेताओं ने मोहसिना किदवई के वयक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में विस्तार से बताया।

इस मौके पर लोकेश चौधरी, सुशांत गोयल, अश्विनी त्यागी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉली त्यागी, सुशील शर्मा, सूर्यकांत, एडवोकेट चंद्रपाल, सविता गौतम, रूबी मलिक, सीमा नाजमीन, अमित बंटी, आसिफ सैफी, सविता जायसवाल, सुरेंद्र शर्मा, उदय सिंह पाल आदि सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बड़े नेता के पहले ही स्वागत में ये क्या कर डाला
## तीन प्रमुख पदाधिकारी भूल गये जब पटका, शॉल और माला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वागत की परिपाटी भगवा की महत्वपूर्ण परिपाटी है। भगवा में स्वागत कार्यक्रम टीआरपी तोलने का भी तराजू है। यही वजह है कि जब कोई भी बड़ा नेता आता है तो यहां स्वागत कार्यक्रम भव्य होता है। स्वागत कार्यक्रम मंडल वालों से लेकर मोर्चे वालों तक एक होड़ रहती है। स्वागत वाला वजन उस समय बढ़ जाता है जब आसपास कोई चुनाव हो।

स्वागत कार्यक्रम उस समय भी कम्पटीशन वाला हो जाता है जब पदों की घोषणा होने वाली हो। और जब टीम घोषित हो गयी हो और नये पदाधिकारी स्वागत कररहे हों। गाजियाबाद भगवा की बात करें तो लिहाजा इसे नया संगठन ही माना जायेगा। तीन प्रमुख पदाधिकारी हैं और तीनों ही पहली बार प्रमुख पदाधिकारी वाली पारी खेल रहे हैं। तीनों ही पुराने कार्यकर्ता हैं और संगठन की परिपाटी को जानते हैं और ये भी जानते हैं कि किसी अवसर पर क्या जिम्मेदारी निभानी है। दिल्ली से बड़े नेता बॉडर पर आ रहे थे। उनका स्वागत होना था और राष्ट्रीय स्तर के इन बड़े नेता का गाजियाबाद से गहरा लगाव भी माना जाता है।

स्वागत की बेला में एक गजब ही खेला गाजियाबाद में हो गया। बड़े नेता के स्वागत में ऐसी मिस्टेक गलती से हो गयी या क्या हुआ ये तो करने वाले जानें लेकिन बताते हैं कि माला को लेकर गड़बड़ झाला हो गया। उधर से बड़े नेता पहुंचे और ईधर से प्रमुख पदाधिकारियों के प्रमुख पहुंचे। उन्हें ये उम्मीद थी कि तीनों प्रमुख पदाधिकारी अपने साथ स्वागत का सामान लाये होंगे। लेकिन यहां तो सीन ही दूसरा हो गया। तीनों ही प्रमुख पदाधिकारी खाली हाथ पहुंचे थे। उन्होंने जैसे ही एक प्रमुख पदाधिकारी का नाम पुकारातो पहले प्रमुख पदाधिकारी ने दूसरे को देखा और दूसरे ने तीसरे को देखा। अब उनका का तो इतनी बात पर खोपड़ा घूम गया। वो इस बात पर हैरान कि तुम तो पुराने कार्यकर्ता हो और पंकज यानी कमल की परिपाटी को जानते हो।

### भगवा कमिश्नर के बर्थडे वाले बुके ने रख ली लाज

करंट क्राइम। वैसे तो पटके और बुके का आज की राजनीति मेंबहुत महत्व है। इसके बिना मिलना अजीब सा लगता है। बुके और पटके से ही ये फील होता है कि आपने स्वागत किया है। ये भी सत्य है कि 30 सेकेन्ड बाद बुके और पटके का रोल समाप्त हो जाता है। कई बार ऐसा भी होता है कि एक ही गुलदस्ता कई फूल वालों का काम चलाता है। एक पटके से भी रिपीट वाला सीन हो जाता है। महानगर के तो पदाधिकारी उस समय हैरान रह गये थे जब महानगर के पदाधिकारी को अपने गले में पहना हुआ पटना उतारकर पहना दिया था। यहां भी जब स्वागत वाले सीन में खेला हो रहा था तो एन मौके पर एक मंत्री की वजह से लाज रह गयी। दरअसल प्रमुख पदाधिकारी भगवा कमिश्नर के बर्थडे में गये थे। उन्होंने वहां से चलते हुए बर्थ डे वाले टेबल पर रखे एक बुके को उठा लिया था और एक पटका भी रख लिया था। जब दो प्रमुख पदाधिकारी खाली हाथ थे और भगवा कमिश्नर भी हैरान थे तक तीसरे प्रमुख पदाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से भगवा कमिश्नर के यहां से उठाकर लाया गया बुके और पटका पेश कर दिया। अब राष्ट्रीय पदाधिकारी को क्या पता कि महानगर वाले भगवा कमिश्नर के यहां से पुष्पगुच्छ और पटका उठा लाये है। बताते हैं कि फिर उसी से स्वागत हुआ और किसी तरह इज्जत रह गयी।

11 April -26 page 4 10-04-2026 9:38 PM Page 1



## संपादकीय

# युद्धविराम पर फिर संकट

पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे संकट के बीच यह पहला मौका था, जब ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच चौदह दिनों के युद्धविराम पर सहमति बनी थी। मगर इजराइल ने बुधवार को ही जिस तरह लेबनान पर हमला किया, उससे साफ है कि युद्धविराम में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। गौरतलब है कि लेबनान पर इजराइली हमले में दो सौ से ज्यादा आम लोग मारे गए।

विचित्र है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका और इजराइल साझा मोर्चे के तहत हमले कर रहे थे, लेकिन जब दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी, तो उसे ठोस आकार देने के बजाय इजराइल ने समझौते को तोड़ने की पृष्ठभूमि बनानी शुरू कर दी। जबकि इस बीच इजराइल और अमेरिका की ओर से जिस तरह की बेलगाम बयानबाजियां जारी रहीं, उससे पहले ही हालात और बिगड़ने की आशंका बनी हुई थी। विडंबना यह भी है कि लेबनान पर इजराइल के हमले के बाद अब ईरान ने फिर से होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की घोषणा की है। निश्चित रूप से ईरान के इस रुख को उसकी प्रतिक्रिया कहा जा सकता है, लेकिन सवाल है कि इस समूचे परिदृश्य में किसी भी पक्ष की जिद और अकड़ का नतीजा क्या निकल रहा है! इजराइल और अमेरिका ने जिस दिन ईरान पर साझा हमला किया था, तभी से यह आशंका बनी हुई थी कि इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। इसके बाद ईरान ने स्वाभाविक ही रणनीति के तहत होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया और उसके बाद दुनिया के ज्यादातर देशों में प्राकृतिक तेल और गैस की आपूर्ति रुक गई। जिन देशों के पास इसके विकल्प थे, वहां के हालात अपेक्षया नियंत्रण में रहे, लेकिन भारत सहित बहुत सारे ऐसे देश हैं, जहां पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस का संकट पैदा हो गया और आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ऐसे में युद्धविराम की घोषणा के बाद यह उम्मीद जगी थी कि अब होर्मुज जलमार्ग के खुलने से जहाजों की आवाजाही का रास्ता खुलेगा और स्थिति सुधरेगी। मगर लेबनान पर इजराइल के ताजा हमले में जिस तरह बड़े पैमाने पर आम लोगों की मौत की खबर आई है और उसके बाद ईरान ने जैसी प्रतिक्रिया दी है, उससे एक बार फिर शांति की उम्मीदों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सवाल है कि अगर युद्धविराम की शर्तों में लेबनान पर भी इजराइली हमले रोकना शामिल था, तो इस पर अमल के बजाय इसे ताक पर रख कर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने के पीछे कौन-सी मंशा काम कर रही है। यही नहीं, इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इजराइल फिर से ईरान के खिलाफ लड़ाई शुरू करेगा। खुद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस भड़काऊ लहजे में बात कर रहे हैं, उसे कैसे देखा जाएगा? हैरानी की बात है कि ट्रंप युद्धविराम और उसकी शर्तों पर सहमति जताने के बाद लेबनान पर हमले के मसले को समझौते से अलग बताते हैं।

# बैंकिंग शेयरों के दम पर बाजार में जोरदार उछाल

## वैश्विक बाजारों की मजबूती और तेल में नरमी से बढ़ा भरोसा




**नई दिल्ली।** शुक्रवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक फीसदी से अधिक उछल गए। बैंकिंग शेयरों में खरीदारी और वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के दम पर यह तेजी आई। विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट में और ढील की उम्मीदों तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से निवेशकों की धारणा में सुधार हुआ।

दिनभर सकारात्मक दायरे में रहने के बाद, तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 918.60 अंक या 1.20 फीसदी की बढ़त के साथ 77,550.25 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 990.85 अंक या 1.29 फीसदी उछलकर 77,622.50 के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 275.50 अंक या 1.16 फीसदी चढ़कर 24,050.60 पर समाप्त हुआ। इस सकारात्मक रुख का नेतृत्व बैंकिंग, ऑटो और वित्तीय शेयरों में जोरदार खरीदारी ने किया।

### वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक तेजी के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार भी तेजी के साथ बंद हुए थे। एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा कि वैश्विक बाजारों में भी इसी तरह का सकारात्मक रुझान देखा गया। उन्होंने बताया कि अमेरिकी, यूरोपीय और एशियाई सूचकांक सभी हरे निशान में रहे, जिसमें एशियाई बाजारों ने बढ़त का नेतृत्व किया।

### निवेशकों की धारणा और कच्चे तेल की स्थिति

पोनमुडी आर ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के अंतिम सत्र में सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। उन्होंने कहा कि निफ्टी ने तेजी के रुझान के साथ सीमित दायरे में कारोबार किया और एक फीसदी से अधिक की बढ़त हासिल की। निवेशकों ने आगामी अमेरिका-ईरान वार्ता से प्रगति की उम्मीदों को सावधानी से शामिल किया, भले ही युद्धविराम अनिश्चित बना रहा। हालांकि, बाजारों में मजबूत रुझान बना रहा। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 0.57 फीसदी चढ़कर 96.47 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# एडीबी का अनुमान: भारत की ग्रोथ मजबूत, 2027-28 में 7.3% तक पहुंचेगी

## घरेलू मांग और सुधारों से मिलेगी अर्थव्यवस्था को रफ्तार

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक के मुताबिक भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2026-27 में 6.9% और 2027-28 में 7.3% रहने का अनुमान है, जिसे मजबूत घरेलू मांग और सुधारों का समर्थन मिलेगा। हालांकि पश्चिम एशिया तनाव और बढ़ती तेल कीमतें महंगाई व अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल सकती हैं। एशियाई विकास बैंक ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर मजबूत और सकारात्मक तस्वीर पेश की है। एशियाई विकास बैंक की ताजा एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.9% रहने का अनुमान है, जो अगले वित्त वर्ष 2027-28 में बढ़कर 7.3% तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी रहेगी।

### क्या है इस वृद्धि की वजह?

एडीबी के मुताबिक, इस वृद्धि के पीछे मजबूत घरेलू मांग, आसान वित्तीय स्थितियां और भारतीय उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ में कमी जैसे अहम कारक होंगे। साथ ही, सरकारी सुधार, निवेश में बढ़ोतरी और यूरोपीय संघ के साथ संभावित व्यापार समझौते भी आने वाले समय में अर्थव्यवस्था को गति देंगे। हालांकि रिपोर्ट में कुछ जोखिमों की भी ओर इशारा किया गया है। खासतौर पर मध्य पूर्व में जारी तनाव भारत की अर्थव्यवस्था पर असर डाल सकता है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, व्यापार आपूर्ति में बाधा और विदेशों से आने वाले रेमिटेंस पर दबाव पड़ने की आशंका है।



## महंगाई 4.5% तक पहुंचने का अनुमान, अगले साल घटने की उम्मीद

### महंगाई को लेकर क्या अनुमान?

महंगाई के मोर्चे पर एडीबी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में यह बढ़कर 4.5% तक पहुंच सकती है, जबकि पिछले वर्ष यह 2.1% थी। इसके पीछे खाद्य कीमतों में उछाल, वैश्विक तेल कीमतों में तेजी, रुपये की कमजोरी और कीमती धातुओं की कीमतों में वृद्धि जैसे कारण बताए गए हैं। हालांकि अगले वित्त वर्ष में महंगाई घटकर 4% रहने का अनुमान है।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.6% की दर से बढ़ी, जो इससे पहले 7.1% थी। यह वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत उपभोक्ता मांग, टैक्स में राहत, सस्ती खाद्य कीमतों और निरंतर सरकारी निवेश के कारण संभव हुई।

एडीबी ने यह भी कहा कि अगर तेल की कीमतों में तेजी जारी रहती है, तो इससे महंगाई और चालू खाते के घाटे पर दबाव बढ़ सकता है। हालांकि यदि इसका असर घरेलू ईंधन कीमतों पर सीमित रहता है, तो अल्पकाल में अर्थव्यवस्था पर प्रभाव नियंत्रित रह सकता है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में उछाल, मार्च में 40 हजार करोड़ से ज्यादा निवेश

## एसआईपी निवेश ने बनाया नया रिकॉर्ड, 32 हजार करोड़ पार

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के अनुसार, मार्च में एक्टिव इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में शुद्ध निवेश बढ़कर 40,450.26 करोड़ रुपये हो गया। यह जुलाई 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। फरवरी में यह आंकड़ा 25,977.81 करोड़ रुपये था।

## डेट फंड्स से भारी निकासी, कुल उद्योग से 2.39 लाख करोड़ बाहर

सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश ने नया रिकॉर्ड बनाया है। मार्च में एसआईपी का योगदान 32,087 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह फरवरी के 29,845 करोड़ रुपये से अधिक है, जो खुदरा निवेशकों की लगातार भागीदारी दर्शाता है। हालांकि, पूरे म्यूचुअल फंड उद्योग से मार्च में 2.39 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई। फरवरी में इसमें 94,530 करोड़ रुपये का निवेश आया था।

इस निकासी का मुख्य कारण डेट फंड्स से भारी मात्रा में पैसे का निकलना रहा। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, निवेश में यह वृद्धि एसआईपी के जरिए लगातार निवेश से हुई है। साल के अंत में पोर्टफोलियो समायोजन भी एक वजह है। बाजार की गिरावट को खरीदारी के अवसर के रूप में देखा गया। पश्चिम एशिया में तनाव से आई अस्थिरता ने दीर्घकालिक निवेशकों को अच्छे प्रवेश बिंदु दिए।



### इक्विटी में विभिन्न श्रेणियों का प्रदर्शन

इक्विटी श्रेणी के सभी खंडों में निवेश में वृद्धि दर्ज की गई। फ्लेक्सी-कैप फंड्स सबसे आगे रहे, जिनमें मार्च में 10,054.12 करोड़ रुपये का निवेश आया। मिड-कैप में 6,063.53 करोड़ रुपये और स्मॉल-कैप में 6,263.56 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। लार्ज-कैप फंड्स में 2,997.84 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स में 2,698.82 करोड़ रुपये का स्थिर निवेश देखा गया।

### डेट और अन्य फंड्स से निकासी

इसके विपरीत, डेट म्यूचुअल फंड्स में मार्च में 2.94 लाख करोड़ रुपये की भारी निकासी की गई। फरवरी में इनमें 42,106.31 करोड़ रुपये का निवेश आया था। ओवरनाइट और लिक्विड फंड्स इस निकासी के मुख्य कारण रहे। हाइब्रिड स्कीम्स से 16,538.47 करोड़ रुपये और आर्बिट्रेज फंड्स से 21,113.70 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई। गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स में निवेश घटकर 2,266 करोड़ रुपये रह गया। नए फंड ऑफर के जरिए मार्च में चौबीस लॉन्च से 3,985 करोड़ रुपये जुटाए गए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि पृथ्वी को धूल का एक कण माना जाए तो सूर्य का आकार संतरे के बराबर होगा।
- यदि पृथ्वी को धूल का एक कण माना जाए तो सूर्य का आकार संतरे के बराबर होगा।
- आपकों शायद ही पता होगा कि, सुबह सूर्य की रोशनी में समय बिताने से र३ ११२२ और ऊस्र११२२ङ्गल्ल कम होता है।
- आपको जानकर बेहद ही हैरानी होगी कि आइसलैंड में कुत्ता पालना कानूनन अपराध है।
- बता दें कि, भारत में सबसे पहले सूर्योदय अरुणाचल प्रदेश में होता है।
- यदि कोई व्यक्ति जीवन भर दाढ़ी नहीं बनवाता तो उसकी दाड़ी की लंबाई 13 फीट तक हो सकती है।
- अंतरिक्ष यात्री के लिए इस्तेमाल होने वाले एक स्पेस सूट की कीमत 83 करोड़ रुपए होती है।
- दोस्तों क्या आप जानते हैं कि, सिंगापुर देश का निर्माण हिन्दू वास्तुकला के अनुसार हुआ है।
- घोड़ा खड़ा होकर और खरगोश आँखे खोलकर सोता है।

# सराफा बाजार में बड़ी गिरावट, निवेशकों में बढ़ी चिंता

## सोना 1500 रुपये सस्ता, चांदी 7800 रुपये तक टूटी



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक अनिश्चितता और अमेरिका-ईरान के बीच कमजोर सीजफायर का सीधा असर अब भारतीय सराफा बाजार पर दिखने लगा है। निवेशकों द्वारा की गई भारी मुनाफावसूली के कारण गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने और चांदी दोनों कीमती धातुओं की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इस वैश्विक उथल-पुथल ने बाजार की भावनाओं को कमजोर कर दिया है, जिससे वैश्विक और घरेलू स्तर पर नई चिंताएं सामने आ रही हैं।

### घरेलू बाजार में कीमतों में बड़ी गिरावट

'ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन' के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में चांदी की कीमत 7,800 रुपये या 3.10 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 2.43 लाख रुपये (2,43,200 रुपये) प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। बुधवार को कारोबारी सत्र के दौरान इसका बंद भाव 2.51 लाख रुपये (2,51,000 रुपये) प्रति किलोग्राम था। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने के भाव में भी 1,500 रुपये या लगभग 1 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इस गिरावट के बाद सोने की कीमतें 1.54 लाख रुपये (1,54,900 रुपये) प्रति 10 ग्राम पर आ गई हैं, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1.56 लाख रुपये (1,56,400 रुपये) प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बता दें कि इन सभी कीमतों में सभी कर शामिल हैं।

**कमजोर सीजफायर और आपूर्ति शृंखला का संकट :** बाजार विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर छाई अनिश्चितता ने निवेशकों की धारणा को बुरी तरह प्रभावित किया है।

# कोल इंडिया ने रोका महंगाई का असर, आरबीआई का 2 लाख करोड़ का वीआरआरआर ऑक्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय कॉरपोरेट और वित्तीय क्षेत्र में महत्वपूर्ण घटनाक्रम दर्ज किए गए हैं, जो ऊर्जा आपूर्ति, नकदी प्रबंधन और कॉरपोरेट नेतृत्व की दिशा तय करते हैं। एक तरफ जहां देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया (सीआईएल) ने बढ़ती लागत का बोझ खुद उठाकर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है, वहीं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग सिस्टम में अतिरिक्त नकदी के प्रबंधन के लिए बड़े कदम की घोषणा की है। इसके अलावा, महारत्न कंपनी भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) को संजय खन्ना के रूप में नया अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मिला है। इसके परिणामस्वरूप मार्च अंत तक विस्फोटकों की औसत लागत 26 प्रतिशत बढ़ गई है। इसी तरह, मध्य मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 के बीच औद्योगिक डीजल की कीमत 92 रुपये से बढ़कर 142 रुपये प्रति लीटर (54% की वृद्धि) हो गई है। इन सबके बावजूद, उक्त की कुछ सहायक कंपनियों ने सिंगल विंडो ई-ऑक्शन में कोयले का रिजर्व प्राइस घटाया है और ऑक्शन की फ्रीक्वेंसी भी बढ़ाई है। हालांकि, वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का कोयला उत्पादन 1.7 प्रतिशत गिरकर 768.1 मिलियन टन रह गया है।



**संजय खन्ना बने बीपीसीएल के नए चेयरमैन**

और प्रबंध निदेशक कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने संजय खन्ना को भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का नया चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया है।

### आरबीआई का दो लाख करोड़ का वीआरआर ऑक्शन

बैंकिंग प्रणाली में मौजूद अतिरिक्त तरलता को संतुलित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को 2 लाख करोड़ रुपये का 7-दिवसीय वैरिएबल रेट रिवर्स रेपो ऑक्शन आयोजित करेगा। सरकारी प्रतिभूतियों के परिपक्व होने के कारण बैंकिंग सिस्टम में भारी नकदी अधिशेष हो गया है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 9 अप्रैल तक बैंकिंग सिस्टम में लगभग 4.55 लाख करोड़ रुपये का अधिशेष होने का अनुमान है। 8 अप्रैल को 31,329 करोड़ रुपये के जीसेक्स परिपक्व हुए हैं, जबकि 12 और 17 अप्रैल को भी बड़ी राशि की परिपक्वताएं निर्धारित हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद स्पष्ट किया कि केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था की उत्पादक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तरलता प्रबंधन में सक्रिय और एहतियाती कदम उठाना जारी रखेगा।

### कोल इंडिया ने उठाया बढ़ती लागत का बोझ, उत्पादन में गिरावट

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया ने विस्फोटकों और औद्योगिक डीजल की बढ़ती कीमतों के झटके को खुद अवशोषित कर लिया है ताकि इसका व्यापक असर उपभोक्ताओं पर न पड़े और किफायती दामों पर कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। पश्चिम एशिया संकट के बाद से अमोनियम नाइट्रेट (विस्फोटकों का 60% हिस्सा) की कीमत युद्ध-पूर्व के 50,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन से 44 प्रतिशत बढ़कर 1 अप्रैल 2026 तक 72,750 रुपये प्रति मीट्रिक टन हो गई है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

महिला- डॉक्टर साहब, मेरे पति नींद में बातें करने लगे हैं! क्या करूँ?
डॉक्टर- उन्हें दिन में बोलने का मौका दीजिए!

---

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं, कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार
पक्का समय से आ जाऊंगा।

---

हसबैंड : डार्लिंग तुम खुबसूरत होती जा रही हो,
पत्नी किचन से- तुमने कैसे जाना ?
हसबैंड- तुम्हें देखकर तो अब रोटियां भी जलने लगी हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# मुकुल चौधरी की बल्लेबाजी देखकर गदगद हुए गावस्कर

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के बल्लेबाज मुकुल चौधरी की बल्लेबाजी की हर कोई तारीफ कर रहा है और अब इस लिस्ट में सुनील गावस्कर का नाम भी जुड़ गया है। गावस्कर केकेआर के खिलाफ मुकुल की पारी देखकर गदगद हो गए और उन्होंने इस बल्लेबाज की जमकर सराहना की।

भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर लखनऊ सुपर जाएंट्स के बल्लेबाज मुकुल चौधरी की बल्लेबाजी देखकर अभिभूत हो गए हैं। मुकुल ने केकेआर के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 27 गेंदों पर सात छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 54 रन बनाए जिससे लखनऊ ने आखिरी गेंद पर तीन विकेट से जीत दर्ज की और केकेआर के मुंह से जीत छीन ली।

**मुकुल की तारीफ में पढ़े कसीदे**

मुकुल चौधरी की पारी ने क्रिकेट के दिग्गजों को उनका दिवाना बना दिया है। गावस्कर ने मुकुल चौधरी की विस्फोटक पारी पर आईपीएल के आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स से कहा, इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने निडर होकर जबरदस्त पारी खेली। मुझे आईपीएल के बारे में जो बात पसंद है, वह यह है कि हर दिन हमें कुछ अलग देखने को मिलता है। हमने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के डेविड मिलर को एक शानदार पारी खेलते हुए देखा और अपनी टीम को लगभग जीत दिला ही दी थी, लेकिन वह पारी एक मशहूर विश्व कप स्टार ने खेली थी। यहां मुकुल चौधरी हैं, जिन्होंने आगे बढ़कर अपनी टीम को फिनिश लाइन पार करने में मदद की। यह एक युवा लड़का है जो घरेलू टी20 क्रिकेट में राजस्थान के लिए नंबर पांच पर बल्लेबाजी करता है। वह बस आईपीएल में आता है, एक जबरदस्त पारी खेलता है और हर कोई उसके बारे में बात करता है।



**गावस्कर बोले- लखनऊ के लिए जरूरी थी जीत**

गावस्कर ने कहा, केकेआर के खिलाफ यह जीत लखनऊ के लिए बहुत जरूरी थी। वे मुश्किल में थे, लेकिन अपने युवाओं की मदद से उन्होंने कमाल की जीत पक्की कर ली। मिचेल मार्श ने ज्यादा रन नहीं बनाए, एडेन मार्करम ने सिर्फ 22 रन बनाए और ऋषभ पंत और निकोलस पूरन भी ठीक से नहीं चल पाए। अपने मुख्य बल्लेबाजों के जूझने के बावजूद लखनऊ ने खुद को बचाया और जीत पक्की की।

उन्होंने कहा, मुकुल ने जो आत्मविश्वास दिखाया और जिस तरह से उन्होंने अपने शॉट्स खेले, वह देखना वाकई कमाल का था।

पारी के जिस स्टेज पर वह बल्लेबाजी करने आए, उन्होंने संयम दिखाया, अपना समय लिया, ठीक से सेट हुए और गेंदों को मैदान के बाहर मारना शुरू कर दिया। उन्होंने हेलीकॉप्टर शॉट भी खेला, जिसे देखकर एमएस धोनी की बहुत पुरानी यादें ताजा हो गईं। उन्होंने आसान सिंगल्स लेने से मना कर दिया क्योंकि उन्हें बड़े शॉट मारने और गेम खत्म करने की अपनी काबिलियत पर भरोसा था। गावस्कर ने कहा, पिछले साल, वे पूरी तरह से अपने मुख्य खिलाड़ियों पर निर्भर थे। इस सीजन में वे उन पर निर्भर हुए बिना जीत रहे हैं। लखनऊ के लिए चिंता की बात निकोलस पूरन का खराब फॉर्म है।

वह केकेआर के खिलाफ आउट ऑफ टच दिखे और लखनऊ ने उन्हें मध्यक्रम में बल्लेबाजी के लिए भेजा, क्योंकि वे वहां आतिशी बल्लेबाजी चाहते थे।

# पिता के सपने को पूरा कर खुश हैं मुकुल चौधरी

## लखनऊ के फिनिशर ने बताई अपनी संघर्ष की दास्तां

**कोलकाता।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के बल्लेबाज मुकुल चौधरी ने केकेआर के खिलाफ मैच विजयी पारी खेलकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। मुकुल ने बताया कि उनके पिता का सपना था कि वह क्रिकेटर बनें और उन्हें इस सपने को पूरा कर खुशी हुई है।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 27 गेंदों में 54 रन की बेखौफ नाबाद पारी खेलने वाले लखनऊ सुपर जाएंट्स के बल्लेबाज मुकुल चौधरी रातों रात स्टार बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार को खेले गए आईपीएल 2026 के मुकाबले में मैच विजयी पारी खेलकर ना सिर्फ अपनी टीम को अभूतपूर्व जीत दिलाई, बल्कि अपनी पहचान भी बना ली। मुकुल ने कहा कि उन्हें अपने पिता का सपना पूरा करने की खुशी है।



मुकुल की दबाव में खेली गई इस पारी की बदौलत लखनऊ ने रोमांचक मुकाबले में केकेआर को तीन विकेट से हराया। उन्होंने अपनी पारी में सात छक्के और दो चौके लगाए और आठवें विकेट के लिए आवेश खान के साथ 54 रन की अटूट साझेदारी की, जिसमें आवेश का योगदान सिर्फ एक रन का था। मुकुल ने ऐसे समय यह पारी खेली जब मैच लखनऊ के हाथ से फिसलता नजर आ रहा था।

**बेटे को क्रिकेटर बनाना चाहते थे मुकुल के पिता**

मुकुल राजस्थान के झुंझुनु के रहने वाले हैं। इस खिलाड़ी ने प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार लेने के बाद कहा, मेरा सफर वास्तव में मेरे जन्म से पहले ही शुरू हो गया था। मेरे पिता का सपना था कि उनका बेटा एक दिन क्रिकेट खेले। उस समय हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं थी, इसलिए मैं जल्दी शुरू नहीं कर सका। मैंने लगभग 12-13 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया। मेरे घर के पास नई अकादमी खुली थी और मैंने वहां लगभग पांच-छह साल प्रशिक्षण लिया। मैं उत्तर प्रदेश के खिलाफ अंडर-19 का मैच खेल रहा था और मैंने कम स्कोर वाले मैच में रन बनाए थे। वह मेरा केवल दूसरा ही मैच था।

# आरसीबी और राजस्थान के बीच मैच में शीर्ष क्रम पर नजरें, यशस्वी-वैभव को रोकना होगी चुनौती

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच आईपीएल 2026 का मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमें अब तक इस सीजन में अजेय चल रही हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सी टीम विजयी अभियान जारी रख पाती है।

यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी से मिल रही आक्रामक शुरूआत के साथ राजस्थान रॉयल्स शुक्रवार को गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल के मैच में अपना दबदबा कायम रखना चाहेगी, जबकि आरसीबी की उम्मीदें फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल पर टिकी होंगी।

दो साल पहले टी20 क्रिकेट से विदा लेने के बावजूद आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में कमी नहीं आई है। उनके मार्गदर्शन में आरसीबी ने संतुलित शीर्ष क्रम तैयार कर लिया है और पिछले मैच में फिल सॉल्ट ने भी उम्दा पारी खेली थी।तीसरे नंबर पर उतर रहे पडिक्कल ने घरेलू क्रिकेट का अपना फॉर्म कायम रखते हुए संतुलित आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी की है। आईपीएल में अपने डेब्यू सत्र में आरसीबी के लिए 473 रन बनाने वाले पडिक्कल बाद में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के साथ उस सफलता को दोहरा नहीं सके थे। इस सत्र में भी उन्होंने पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 29 गेंद में 50 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 गेंद में 61 रन बनाए। जैकब डफी ने जोश हेजलवुड की कमी पूरी की है तो बीच के ओवरों में क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा ने रन रोके हैं।





**फॉर्म में हैं यशस्वी-वैभव**

वहीं, रॉयल्स इस सत्र में सबसे आक्रामक बल्लेबाजी ईकाई के रूप में सामने आई है जिसका श्रेय जायसवाल और सूर्यवंशी को जाता है। सूर्यवंशी ने पिछले मैच में जसप्रीत बुमराह को पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने बेखौफ खेल का फिर परिचय दिया था। रॉयल्स के गेंदबाज भी रणनीति पर अमल करने में कामयाब रहे हैं।

**इस मैच के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11:**

राजस्थान रॉयल्सः यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), शिमरॉन हेत्मायर, डोनोवान फरेरा, रवींद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्र बर्गर, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा।

**आरसीबी:** विराट कोहली, फिल सॉल्ट, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, अभिनंदन सिंह, जैकब डफी

# केकेआर को हराकर लखनऊ ने अंक तालिका में लगाई छलांग



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में 15 लीग मैच पूरे हो चुके हैं। केकेआर की टीम अब तक जीत का खाता नहीं खोल सकी है, वहीं लखनऊ सुपर जाएंट्स ने लय बरकरार रखी है।

आईपीएल 2026 का 15वां मुकाबला गुरुवार को कोलकाता के इडेन गार्डेंस में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में एलएसजी ने आखिरी गेंद पर केकेआर को तीन विकेट से हरा दिया। एलएसजी की जीत के हीरो मुकुल चौधरी रहे जिन्होंने आखिरी ओवरों में दमदार बल्लेबाजी कर टीम को जीत दिलाई।

केकेआर ने जीत के लिए एलएसजी को जीत के लिए 182 रन का लक्ष्य दिया था। आयुष बदोनी के 34 गेंदों पर दो छक्कों और सात चौकों की मदद से 54 और मुकुल चौधरी के 27 गेंदों पर सात छक्कों और दो चौकों की मदद से बनाए नाबाद 54 रनों की मदद से एलएसजी ने केकेआर को तीन विकेट से हरा दिया। मुकुल चौधरी प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

**यशस्वी के पास ऑरेंज कैप**

केकेआर-लखनऊ के मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप वाले खिलाड़ियों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के पास ऑरेंज कैप है। उन्होंने तीन मैचों में 170 रन बनाए हैं। राजस्थान रॉयल्स के ही रवि बिश्नोई के पास पर्पल कैप है। बिश्नोई ने तीन मैचों में सात विकेट लिए हैं।

शीर्ष चार में कौन?

केकेआर और एलएसजी मैच के बाद अंक तालिका में बड़ा बदलाव हुआ है। एलएसजी जीत के साथ पांचवें नंबर पर चली गई है। अंक तालिका पर नजर डालें तो राजस्थान रॉयल्स तीन मैचों से छह अंक लेकर पहले स्थान पर है। वहीं, पंजाब किंग्स तीन मैचों में पांच अंक लेकर दूसरे, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दो मैचों से चार अंक लेकर तीसरे और दिल्ली कैपिटल्स तीन मैचों से चार अंक लेकर चौथे स्थान पर है। लखनऊ की टीम तीन मैचों में चार अंक लेकर पांचवें, सनराइजर्स हैदराबाद तीन मैचों से दो अंक लेकर छठे, गुजरात टाइटंस तीन मैचों में दो अंक लेकर सातवें, मुंबई इंडियंस तीन मैचों में दो अंक लेकर आठवें, केकेआर चार मैचों में एक अंक लेकर नौवें और सीएके तीन मैचों के बाद बिना किसी अंक के 10वें स्थान पर है। समान अंक के बावजूद कई टीमों की रैंक में अंतर उनके नेट रन रेट की वजह से है।

# अब कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 11वें दौर में वैशाली से भिड़ेंगी गोर्याचकिना, एकल बढ़त बरकरार

**पाफोस।** महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में एकल बढ़त बरकरार रखने वाली आर वैशाली शनिवार को 11वें दौर में रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना का सामना करेंगी।

आर प्रज्ञानंद के खिताबी दौड़ से बाहर होने के बाद सबका ध्यान उनकी बहन आर वैशाली पर लगा हुआ है जो एकल बढ़त बनाए हैं और विश्राम के बाद शनिवार को महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 11वें दौर में रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना का सामना करेंगी। वैशाली का लक्ष्य अपनी बढ़त को और बढ़ाना और खिताब के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत करना है। अगर वह ऐसा कर पाती हैं तो उन्हें इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन जू वेनजुन के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा।





**भारतीयों में सबसे आगे चल रही हैं वैशाली :** चार दौर बाकी रहते हुए वैशाली तीन भारतीय खिलाड़ियों में सबसे आगे चल रही हैं। वह अपने छोटे भाई आर प्रज्ञानंद (ओपन वर्ग) और दिव्या देशमुख से आगे हैं। वैशाली ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक और चीन की झू जिनर पर आधे अंक की बढ़त बनाई हुई है। कैटरीना लागनो, अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना और कजाखस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा पांच अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि दिव्या देशमुख उनसे और आधे अंक पीछे हैं। पूर्व महिला विश्व चैंपियन टैन झोंगयी 3.5 अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं।

वैशाली ने अब तक तीन जीत हासिल की हैं और सिर्फ एक बाजी गंवाई है। गोर्याचकिना के साथ बाजी के बाद उन्हें चीन की दो खिलाड़ियों और कैटरीना के खिलाफ बाजी खेलनी हैं। चार दौर बाकी होने के कारण टूर्नामेंट का नतीजा अभी भी किसी भी तरफ जा सकता है। अगर वह आखिरी दौर में अच्छा प्रदर्शन करती हैं तो वह खिताब जीत सकती हैं और इस साल के आखिर में विश्व चैंपियन वेनजुन के खिलाफ खेलने का मौका पा सकती हैं।

ओपन वर्ग में अब मुकाबला एकतरफा बन गया है जिसमें जावोखिर सिंदारोव 10 में से आठ अंक लेकर फॉर्म में हैं। उज्बेकिस्तान के इस खिलाड़ी ने छह बाजी जीती हैं, जबकि चार ड्रॉ खेले हैं। अब वह इस साल के विश्व चैंपियनशिप मैच में भारत के डी गुकेश के खिलाफ खेलने का मौका पाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं बशर्ते आखिरी दौर में कोई बड़ा उलटफेर न हो जाए।

# हॉकी इंडिया का बड़ा निर्णय: टिम व्हाइट को जूनियर महिला टीम का कोच बनाया

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को तुषार खांडेकर की जगह ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी कोच टिम वाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। खांडेकर 2023 से जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ थे। राष्ट्रीय महासंघ ने इस बदलाव के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को तुषार खांडेकर की जगह टिम व्हाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का कोच बनाने की घोषणा की। ऑस्ट्रेलियाई हाई-परफॉर्मेंस कोच व्हाइट ने हाल ही में जनवरी में हॉकी इंडिया लीग में अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स के हेड कोच के तौर पर काम किया था। वह भारत महिला हॉकी की अगली पीढ़ी को तैयार करने के लिए मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।





### दिलीप टिर्की ने किया स्वागत

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा, हम टिम व्हाइट को टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। बेल्जियम और ऑस्ट्रेलियाई जूनियर कार्यक्रम के साथ उनका पुराना रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ कहता है, खासकर जूनियर विश्व कप में टीमों को पोडियम फिनिश तक ले जाने में उनकी सफलता। हमारा मानना है कि हाई-परफॉर्मेंस कोचिंग और एथलीट विकास में उनका बहुत बड़ा अनुभव हमारी जूनियर महिलाओं को सीनियर अंतरराष्ट्रीय हॉकी की चुनौतियों के लिए तैयार करने में बहुत जरूरी होगा।

व्हाइट ने अपनी नियुक्ति पर कहा, हाल ही में तमिलनाडु ड्रैगन्स के कोच के तौर पर इंडिया में समय बिताने के बाद मैं देश के समृद्ध हॉकी संस्कृति से वापस आया। मैंने जूनियर वर्ल्ड कप में इंडिया के खिलाफ कोचिंग करते हुए यहां बहुत सारी युवा प्रतिभाएं देखीं। ऐसे एथलीट्स के साथ फुल-टाइम काम करने का मौका मिलना एक विशेषाधिकार की तरह है। मेरा लक्ष्य तकनीकी रूप से मजबूत खिलाड़ियों को तैयार करना है जो गैप को भरने और सीनियर टीम में जगह बनाने के लिए तैयार हों।

व्हाइट का कोचिंग करियर

व्हाइट के कोचिंग करियर में बेल्जियम में हाल की सफलता और ऑस्ट्रेलिया के साथ पिछला अनुभव शामिल है। भारत आने से पहले उन्होंने बेल्जियम अंडर-21 महिला टीम के कोच के तौर पर काम किया और दिसंबर में 2025 जूनियर वर्ल्ड कप में उन्हें कांस्य पदक दिलाया था। वह 2021 से 2024 के बीच बेल्जियम की सीनियर राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ का भी एक अहम हिस्सा थे। इस दौरान टीम की विश्व रैंकिंग 12वें स्थान से सुधरकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई थी।

## वानिंदु हसरंगा की जगह लखनऊ सुपर जाएंट्स ने किसे दिया मौका

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने श्रीलंका के अनुभवी स्पिनर वानिंदु हसरंगा की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे को टीम में शामिल किया है। हसरंगा चोट की वजह से आईपीएल 2026 से बाहर हो गए। चोट की वजह से पूरे सीजन से बाहर हुए वानिंदु हसरंगा की जगह लखनऊ सुपर जाएंट्स ने दक्षिण अफ्रीका के स्टार ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे को टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने उन्हें एक करोड़ रुपये में खरीदा है, जो उनकी रिजर्व कीमत है।

श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा चोट के कारण मौजूदा आईपीएल सीजन से बाहर हो गए हैं। उनकी फ्रेंचाइजी, लखनऊ सुपर जाएंट्स ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की थी। फरवरी में लगी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण हसरंगा अभी तक पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। इस स्पिनर की जगह टीम ने अब दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे को शामिल किया है।

# आयुष शेट्टी ने विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टी को हराया, सेमीफाइनल में बनाई जगह

**भारत के आयुष शेट्टी ने एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। आयुष शेट्टी पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को मात दी है।**

**नई दिल्ली।** भारत के युवा शटलर आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया। इस तरह आयुष ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 25वीं रैंकिंग के शेट्टी ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में क्रिस्टी को 23-21, 21-17 को हराया। टूर स्तर पर शेट्टी और क्रिस्टी के बीच यह पहला मुकाबला था। क्रिस्टी एशियाई खेलों और एशियन चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता हैं। इतना ही वह 2020 में थॉमस कप जीतने वाली इंडोनेशियाई टीम का भी हिस्सा थे। यूएस ओपस सुपर 300 के गत चैंपियन शेट्टी ने इससे पहले गुरुवार को राउड ऑफ 16 में चीनी ताइपे के 20वीं रैंकिंग के ची यू जेन को हराया था।



# हार के बाद पॉवेल ने दिग्वेश के कैच पर उठाए सवाल

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी रोवमैन पॉवेल ने लखनऊ के खिलाफ मैच के बाद अंपायर के फैसले पर सवाल खड़े किए हैं। पॉवेल का मानना है कि दिग्वेश राठी द्वारा फिन एलेन का कैच सही से पकड़ा गया या नहीं इसका फैसला तीसरे अंपायर को रिप्ले देखने के बाद करना चाहिए था।

आईपीएल 2026 में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के बीच ईडन गार्डेंस में एक रोमांचक मुकाबला खेला गया जिसे एलएसजी ने मुकुल चौधरी की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर तीन विकेट से जीता। केकेआर की पारी के दौरान सलामी बल्लेबाज फिन एलेन का कैच एलएसजी के स्पिनर दिग्वेश राठी ने पकड़ा था जिस पर विवाद हुआ था। मैच के बाद रोवमैन पॉवेल ने कहा कि इसे तीसरे अंपायर को भेजा जाना चाहिए था।

**बोले- तीसरे अंपायर के पास जाना चाहिए था फैसला**



### क्या था मामला?

पॉवेल ने मैच के बाद कहा, 'एक बड़ी गलती थी, लेकिन हम इस पर गौर नहीं करेंगे। मैदान पर मौजूद अंपायरों को फैसला तीसरे अंपायर को भेजना चाहिए था।' केकेआर की पारी के दौरान दूसरा ओवर करने प्रिंस यादव आए थे।

ओवर की चौथी गेंद प्रिंस ने बैक-ऑफ-ए-लेंथ डिलीवरी फेंकी और फिन एलेन ने उसे लाइन के पार मारा, लेकिन टॉप एज लग गया। गेंद थर्ड मैन पर खड़े दिग्वेश के पास गई। ऐसा लगा कि गेंद दूर तक जाएगी, लेकिन राठी ने खुद को बाउंड्री लाइन के किनारे पर संभाला और दोनों हाथों से कैच लेने के लिए अपनी बाईं ओर खड़े हो गए। राठी बाउंड्री लाइन के बहुत करीब थे और अंपायर जो कुछ भी हुआ उससे संतुष्ट लग रहे थे। एलेन को आउट दिया गया। फैसला थर्ड अंपायर को नहीं भेजा गया और बाद में रिप्ले से पता चला कि राठी ने शायद कुशन पर पैर रख दिया था। हालांकि, रिप्ले से कुछ भी पक्का पता नहीं चल सका। फिन एलेन आठ गेंदों पर नौ रन बनाकर आउट हुए।

**होम ग्राउंड पर मैच नहीं जीत पाने से निराश हैं पॉवेल**

होम ग्राउंड पर मैच न जीत पाने पर पॉवेल ने कहा, 'यह बहुत निराशाजनक है। आप कोलकाता को, आप ईडन गार्डंस को अपना किला बनाना चाहते हैं। यह आपका घर है जहां आपके फैंस आपका समर्थन करते हैं। इसलिए घर पर जीतना हमेशा अच्छा लगता है। लेकिन बदकिस्मती से इस मैच में हम ऐसा नहीं कर पाए।' पॉवेल ने मुकुल चौधरी की बल्लेबाजी की तारीफ की। मैच की बात करें तो केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 181 रन बनाए थे। एलएसजी ने मुकुल चौधरी के 27 गेंदों पर 7 छक्कों की मदद से खेली गई नाबाद 54 रनों की पारी के दम पर केकेआर को तीन विकेट से हरा दिया।




# ऑपरेशन प्रहार के तहत डीसीपी ग्रामीण व एसीपी इंदिरापुरम रहे सक्रिय

## कवि नगर से लेकर खोड़ा, कौशांबी से लेकर इंदिरापुरम तक चला प्रचार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चल रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत जागरूकता अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। इस अभियान को लेकर जहां समाज के विभिन्न वर्गों का समर्थन मिल रहा है, वहीं पुलिस अधिकारी भी लगातार फील्ड में उतरकर लोगों और खासकर युवाओं को जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को ऑपरेशन ह्यप्रहार की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे और अवैध हथियारों से दूर रहने की शपथ दिलाई और सुरक्षित समाज के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया।

वहीं एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में पैदल मार्च कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान खोड़ा इलाके में थाना प्रभारी नरेश शर्मा के साथ मिलकर ऑपरेशन प्रहार के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों को अभियान के उद्देश्य समझाए गए।

कवि नगर थाना क्षेत्र में भी यह अभियान सक्रिय रूप से चलाया गया। गोविंदपुरम चौकी प्रभारी राहुल राठी ने मिशन शक्ति टीम और पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र के दो अलग-अलग स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान नशे से दूर रहने और कानून का पालन करने का




संदेश दिया गया। पुलिस कमिश्नरेट के अलग-अलग जोन और क्षेत्रों में लगातार ऑपरेशन प्रहार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे और अवैध हथियारों से दूर रखना तथा समाज में जागरूकता बढ़ाकर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है।



# अस्पताल पार्किंग में स्कूटी खड़ी करने के विवाद में युवक को पीटा

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के पुरानी गढ़ चुंगी स्थित एक अस्पताल की पार्किंग में स्कूटी खड़ी करने के विवाद में कुछ युवकों ने एक युवक को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। बचाव करने आईं युवक की मां को भी आरोपियों ने अभद्रता कर जमकर पीटा। युवक की मां ने थाने पहुंचकर पुलिस से मामले की शिकायत की है।

गढ़ रोड स्थित एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाने में दी तहरीर में बताया कि पिछले चार दिनों से उनकी सास गढ़ चुंगी स्थित एक अस्पताल में भर्ती हैं। बृहस्पतिवार की सुबह करीब 11 बजे उनका पुत्र स्कूटी पर सवार होकर उनका खाना लेकर अस्पताल आया था। इस दौरान उनके पुत्र ने पार्किंग में स्कूटी खड़ी कर दी। इसके बाद उनके पुत्र की किसी बात पर पार्किंग ठेकेदार से कहासुनी हो गई। आरोप है कि ठेकेदार ने करीब 14 युवकों को यहां बुलाकर



उनके पुत्र को लाठी डंडों से जमकर पीटा। इसमें उनका पुत्र घायल हो गया। शोर सुनकर वह व आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। इसके बाद उन्होंने अपने पुत्र को बचाने प्रयास किया तो आरोपियों ने अश्लील हरकतें करते हुए उन्हें भी जमकर पीटा। यहां एकत्र लोगों ने किसी तरह उन्हें व उनके पुत्र को आरोपियों से बचाया। इसके बाद आरोपी उन्हें व उनके पुत्र को जान से मारने की धमकी देकर यहां से फरार हो गए। उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर अस्पताल पार्किंग में पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की।

# बालिका से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना कविनगर पुलिस ने छेड़छाड़ के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 20 वर्षीय आरोपी हर्षित उर्फ आयुष को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई वादी द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर टीम गठित की। शुक्रवार को मुखबिर



की सूचना पर शास्त्री नगर क्षेत्र से आरोपी को दबोच लिया गया। आरोपी मूलरूप से कानपुर देहात का रहने वाला है और यहां किराए पर रह रहा था। एसएचओ अनुराग शर्मा ने बताया है कि पूछताछ में आरोपी ने घटना स्वीकार करते हुए बताया कि वारदात के बाद वह फरार हो गया था और शहर छोड़ने की फिराक में था। फिलहाल पुलिस आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# चेकिंग के दौरान बाइक चोर गिरफ्तार चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कविनगर थानाक्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान औद्योगिक क्षेत्र में बियर फैक्ट्री तिराहे के पास एस-10 कंपनी के सामने पुलिस ने एक मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रोकने का इशारा किया। इस पर युवक भागने लगे, लेकिन हड़बड़ाहट में बाइक फिसलकर गिर गई। पुलिस ने मौके से आरोपी आदित्य (20) निवासी



एटा हाल पता बम्हेटा गाजियाबाद को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। पुलिस फरार साथी की तलाश कर रही है।

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपने भाई के साथ मिलकर 4-5 दिन पहले साहिबाबाद के शहीद नगर से यह बाइक चोरी की थी। वह पहले भी कई वारदातों में शामिल रहा है। आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पुलिस फरार साथी की तलाश में जुटी है।

# मोबाइल पर सट्टा लगा रहे तीन सटोरिए गिरफ्तार, तीन हुए फरार

**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस ने मोबाइल पर सट्टा लगा रहे तीन सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीन सटोरिए अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने गिरफ्तार सटोरियों के कब्जे से 13600 रुपये की नकदी व तीन मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस अब फरार तीन सटोरियों की तलाश कर रही है।



सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि कोठीगेट पुलिस चौकी प्रभारी रंजीत सिंह पुलिस टीम के साथ बुधवार की रात गश्त कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर ने उन्हें सूचना दी कि देशी शराब के ठेके पास कुछ लोग मोबाइल देखकर सट्टा लगा रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस टीम यहां पहुंची और सटोरियों की घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस टीम ने तीन सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि तीन सटोरिए अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। गिरफ्तार सटोरियों की पहचान पंकज निवासी स्वर्ग आश्रम रोड स्थित मोहल्ला इंद्रलोक कॉलोनी, मनोज गोयल निवासी रेलवे रोड स्थित मोहल्ला शिवपुरी व राघव निवासी मोहल्ला छज्जूपुरा गोल मार्केट हापुड़ के रूप में हुई है।

इनके अलावा फरार होने वाले आरोपियों में अनुज त्यागी निवासी स्वर्ग आश्रम रोड स्थित मोहल्ला त्यागीनगर, शहदेव शास्त्री निवासी गांव सादिकपुर व सोनू निवासी मोहल्ला शिवपुरी हापुड़ शामिल हैं। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से 13600 रुपये की नकदी व तीन मोबाइल भी बरामद किए।

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि उपनिरीक्षक रंजीत सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पंकज, मनोज गोयल व राघव को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीम फरार आरोपी अनुज त्यागी, शहदेव शास्त्री व सोनू की तलाश कर रही है।

# जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी ने शकलपुरा में किया डिग्री कॉलेज रोड का उदघाटन

## राजेश पायलट महाविद्यालय के मुख्य गेट तक बनेगी सीसी रोड



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिला पंचायत द्वारा बनवायी जा रही सड़क का उदघाटन वार्ड 13 की जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी ने महाविद्यालय की प्रबंध समिति के साथ नारियल फोड़कर किया। बता दें कि यह सड़क ग्राम पंचायत शकलपुरा में बंथला नहर रोड से राजेश पायलट डिग्री कॉलेज के मुख्य गेट तक बनेगी।

किसान नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट के नाम पर बने इस महाविद्यालय के मुख्य गेट तक जाने वाली इस कच्ची सड़क को बनवाने की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही थी लेकिन अब भाजपा नेता ईश्वर मावी की पुत्र वधु और जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी द्वारा इस सड़क को कंक्रीट से बनवाया जा रहा है।

जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी ने बताया कि लगभग 12 लाख रुपए की लागत से इस सड़क को बनाया जाएगा उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र छात्राओं को पहले जरा सी बरसात होने पर कीचड़ से होकर निकलना पड़ता था लेकिन अब उन्हें इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को जोड़ने वाली दोनों सड़कों को बनवाने का उनका मुख्य उद्देश्य था जो आज पूरा हो गया है अभी कुछ दिनों पहले



चिरोड़ी रोड से महाविद्यालय आने वाली सड़क को भी जिला पंचायत द्वारा बनवाया गया था।

इस अवसर राजेश पायलट डिग्री कॉलेज के मैनेजर विजयपाल कसाना व मा. राजपाल कसाना ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी ने एक सड़क की जगह दो दो सड़कों का तोहफा महाविद्यालय को दिया है व हमारी वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया है इसके लिए हम जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी का आभार व्यक्त करते हैं। उद्घाटन समारोह में पहुँचने पर ग्रामीणों ने भाजपा नेता ईश्वर मावी और जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उदघाटन समारोह में प्रधान शिवकुमार कसाना, प्रधान नानक कसाना, चौ. वीर सिंह नंबरदार, मास्टर ज्ञानचंद, प्रधान शिवानंद, प्रधानाचार्य दुष्यंत सिंह, प्रधान हरेंद्र कसाना, आजाद कसाना, मास्टर श्रीपाल, डॉ. योगेन्द्र बैसला, अशोक भाटी, बाबा इंद्रपाल, पंकज प्रधान, राजकुमार कसाना, बिज्जे ठेकेदार व मनोहर मावी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे

# प्रीपेड मीटरों के विरोध में हंगामा, धरने की चेतावनी

**हापुड़।** प्रीपेड मीटरों के विरोध में बृहस्पतिवार को उपभोक्ताओं ने अधीक्षण अभियंता, एसडीओ कार्यालय में हंगामा किया। रात के समय बिजली कटने, अधिक लोड का बिल बनने, पैनल्टी लगने समेत कई प्रमुख समस्याओं को उठाया। इन मीटरों को पोस्टपेड में कंवर्ट करने की मांग उठाई, राहत नहीं मिलने पर कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन का एलान किया। जिले में डिजिटल मीटरों को हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। करीब 25 हजार मीटर प्रीपेड में कंवर्ट हो चुके हैं। इन मीटरों से सप्लाई तभी मिलती है जब एडवांस में रिचार्ज किया गया हो, एक रुपया भी अगर निगेटिव में है तो बिजली चालू नहीं होती। हापुड़ शहर में बहुत सी कॉलोनियों अभी भी ऐसी हैं, जिनमें बड़ी संख्या में मेहनत मजदूरी करने वाले लोग रहते हैं। इनके सामने बड़ी समस्या यह है कि ये उपभोक्ता एडवांस बिल जमा करने में समर्थ नहीं हैं। वैशाली कॉलोनी से भी बड़ी संख्या महिलाओं ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचकर, इस समस्या को प्रमुखता से उठाया।



# होजरी कॉम्प्लेक्स के मजदूर व कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, वेतन बढ़ाने की मांग

**नोएडा।** नोएडा में वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर थाना फेज-2 स्थित होजरी कॉम्प्लेक्स में मजदूर वर्ग व कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर मार्च निकाला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मौजूदा वेतन में गुजारा न होने का हवाला देते हुए सड़क जाम कर दिया। यातायात जाम खुलवाने के लिए पीएसी की तैनाती करनी पड़ी।

जानकारी के अनुसार वेतन बढ़ोतरी की मांग को हौजरी कांप्लेक्स में 6 कंपनियों के कर्मचारी सड़क पर उतरे। करीब 200 से 300 कर्मचारियों ने पहले सड़क पर प्रदर्शन किया इसके बाद मांगों को लेकर पैदल मार्च निकाला। इस दौरान कर्मयारियों ने कहा कि कम वेतन में परिवार का गुजारा नहीं चल रहा। अगर ऐसा ही रहा तो वो पलायन करने को मजबूर होंगे।

# हिन्दू नववर्ष पर साहित्य सनातन सम्मान समारोह आयोजित






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ पर राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कवि सौरभ जैन सुमन को उनके साहित्यिक योगदान के लिए साहित्य सनातन सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अभिषेक शर्मा एवं संयोजक वैभव शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में श्रद्धेय अरविंद भाई ओझा महाराज एवं जीवन ऋषि महाराज का सान्निध्य रहा, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार व शायर राज कौशिक ने की। आयोजकों ने बताया कि हिन्दी साहित्य के उन्नयन में सौरभ जैन सुमन का योगदान उल्लेखनीय रहा है। दूसरे सत्र में डॉ. अनिल वाजपेयी की कविताओं ने खूब वाहवाही बटोरी, वहीं युवा कवयित्री प्रेरणा सिंह ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया तथा श्रीराम जन्मोत्सव विशेष आकर्षण रहा। दिल्ली-एनसीआर सहित विभिन्न राज्यों से आए 100 से अधिक कवियों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कई गणमान्य लोगों की विशेष भूमिका रही।

# बारिश से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे को लेकर दिया धरना

**हापुड़।** भाकियू टिकैत के आह्वान पर किसानों ने बेमौसम बरसात से बर्बाद फसलों का मुआवजा, गन्ना भुगतान समेत अन्य मांगों के निस्तारण को लेकर कलक्ट्रेट पर धरना दिया। एडीएम को ज्ञापन सौंपकर, मांगों के निस्तारण की आवाज उठाई। भाकियू टिकैत के युवा प्रदेश अध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा ने कहा कि बेमौसम बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। इसका सर्वे कर किसानों को जल्द मुआवजा दिलाया जाए। किसानों का गन्ना भुगतान अटका हुआ है। जल्द दिलाया जाए ताकि किसान घर खर्च चला सकें। धरने में छिजारसी टोल पर एक किसान के चाय के खोखे पर गलत तरीके से कार्रवाई का मुद्दा भी उठाया गया।



इन समस्याओं के निस्तारण को लेकर किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव उदयवीर सिंह, फरहीम तोमर, भवेंद्र शिशोदिया, ललित चौधरी, मनेंद्र मसंद, शेखर चौधरी, विनोद, शाहरुख, पपेंद्र चौधरी, रिंकू प्रधान आदि मौजूद रहे।




# बनने वाला है एक संयोग, होगा बड़ा प्रयोग

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में कमिश्नरेट में एक सहयोग होने वाला है और यह बड़ा प्रयोग भी कहा जा रहा है। अब बताया जा रहा है कि नदियापार के एक खास कार्य कार्यालय में जुड़े थ्री-स्टार को देहात के एक बेहद महत्वपूर्ण थाने में भेजा जा सकता है। तो वहीं सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन से एक थाना प्रभारी उसी थाने पर जाएंगे जहां से पहले कभी एक दूसरे थ्री-स्टार गए थे। इन सबके बीच जानकारी यह निकलकर आ रही है कि नदिया पार से एक प्रभारी जाने के लिए बिल्कुल तैयार बैठे हैं। तो एक के हाल और हालात ऐसे बन गए हैं कि उनको साइड किया जा रहा है। इन सबके बीच जानकारी यह मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी स्तर के अधिकारियों की लिस्ट और पोस्टिंग होने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थाना प्रभारियों की लिस्ट का मोड बन गया है। अब बताया जा रहा है कि कुछ लोगों की सिफारिश का असर होने वाला है। इधर सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मीटिंगों का मामला बढा है, तो जानकारी यह है कि शुक्रवार की रात होने वाली मीटिंग को लेकर हाई टेंशन बताई गई है। देखना होगा कि देर रात तक चलने वाली इस मीटिंग के परिणाम क्या आएंगे। किसको टाइट किया जाएगा और कौन राइट चल रहा है। अब बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जल्द ही एक लिस्ट आएगी, जिसमें एसीपी स्तरों के अधिकारियों को तैनाती मिलेगी और फिर एसएचओ का संयोग बनेगा। वैसे बताया जा रहा है कि करीब 5 से 7 नाम वाली इस लिस्ट में एक विकेट गिरेगा, तो एक अपनी मर्जी से साइड होने वाले हैं। एक का मामला थोड़ा विचित्र रहेगा। तो कई चेहरे इधर से उधर किए जाएंगे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इस लिस्ट का सिटी से लेकर नदिया पार और नदिया पार से लेकर देहात वालों तक को इंतजार है और बताया जा रहा है कि फिर इसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में टू-स्टारों के जोन बदलने का भी बड़ा कार्यक्रम जारी किया जाएगा। जिसमें लगभग 1000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के नाम दर्ज किए जाएंगे। कुल मिलाकर कहा जाए तो अप्रैल का महीना कई सारे प्रमुख और बड़े बदलाव वाला महीना बनने जा रहा है।




# स्वर्ण जयंती पार्क में 'स्वच्छता अभियान' के जरिए दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी के 'गांव चलो झ बूथ चलो' अभियान के तहत शुक्रवार को वार्ड 81 स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में स्वच्छता अभियान का जोरदार आयोजन किया गया। क्षेत्रीय पार्षद धीरज अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पार्क परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संकल्प लिया।

स्वच्छता अभियान के दौरान पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केवल प्रतीकात्मक सफाई नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास के वातावरण के प्रति जवाबदेह बनाना है। उन्होंने जोर दिया कि जब समाज का हर व्यक्ति स्वच्छता को अपनी आदत बना लेगा, तभी 'स्वच्छ भारत' का सपना धरातल पर पूरी तरह साकार होगा। इस अवसर पर महानगर आईटी सह संयोजक सुषमा गंगवार, अशोक पंडित और हेमंत बाजपेई उपस्थित रहे। साथ ही इन्दिरापुरम के सामाजिक संगठनों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें आरडब्ल्यूए फेडरेशन के अध्यक्ष प्रयाम सक्सेना और महामंत्री सुदर्शन अवस्थी ने अभियान को अपना समर्थन दिया। वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

सफाई अभियान के समापन पर सामूहिक रूप से इन्दिरापुरम को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने की शपथ ली। इस अवसर पर राजकुमार गौतम, रमाकांत खंडेलवाल, हीरा सिंह डांगी सहित लोग मौजूद रहे स्थानीय निवासियों ने पार्षद के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

# बारिश से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे को लेकर दिया धरना


**हापुड़।** भाकियू टिकैत के आह्वान पर किसानों ने बेमौसम बरसात से बर्बाद फसलों का मुआवजा, गन्ना भुगतान समेत अन्य मांगों के निस्तारण को लेकर कलक्ट्रेट पर धरना दिया। एडीएम को ज्ञापन सौंपकर, मांगों के निस्तारण की आवाज उठाई।

भाकियू टिकैत के युवा प्रदेश अध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा ने कहा कि बेमौसम बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। इसका सर्वे कर किसानों को जल्द मुआवजा दिलाया जाए। किसानों का गन्ना भुगतान अटका हुआ है। जल्द दिलाया जाए ताकि किसान घर खर्च चला सकें।

धरने में छिजारसी टोल पर एक किसान के चाय के खोखे पर गलत तरीके से कार्रवाई का मुद्दा भी उठाया गया।

इन समस्याओं के निस्तारण को लेकर किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

इस मौके पर प्रदेश सचिव उदयवीर सिंह, फरहीम तोमर, भवेंद्र शिशोदिया, ललित चौधरी, मनेंद्र मसंद, शेखर चौधरी, विनोद, शाहरुख, पपेंद्र चौधरी, रिंकू प्रधान आदि मौजूद रहे।



# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। खतौली विधायक मदन भईया ने लखनऊ मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। खतौली से रालोद विधायक मदन भईया ने इस मुलाकात में खतौली विधानसभा से जुड़े विकास कार्यों को लेकर कई प्रस्ताव रखे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ खतौली विधायक मदन भईया की इस मुलाकात को खतौली विधायक ने अपनी फेसबुक पोस्ट बनाया। मुलाकात की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# मॉरीशस में दिखी भारत की कूटनीतिक ताकत

## विदेश मंत्री ने दुनिया के कई बड़े नेताओं से की मुलाकात



**पोर्ट लुईस।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मॉरीशस दौरे पर कई देशों के नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने मॉरीशस के राष्ट्रपति, नेपाल, भूटान और सेशेल्स के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग पर चर्चा की।

मॉरीशस दौरे पर गए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक के बाद एक कई बड़े नेताओं से मुलाकात कर भारत की कूटनीतिक ताकत का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की दिशा में भी अहम बातचीत की। यह दौरा भारत की सक्रिय कूटनीति और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

जयशंकर ने मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल से मुलाकात कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। इस मुलाकात में दोनों देशों के मजबूत रिश्तों और भविष्य में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। जयशंकर ने कहा कि भारत और मॉरीशस के बीच दोस्ती गहरी और भरोसेमंद है।

**नेपाल के साथ रिश्तों को नई दिशा देने पर हुई बात**

जयशंकर ने नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। खासतौर पर विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और साझेदारी की पूरी क्षमता का उपयोग करने पर जोर दिया गया।

**भूटान के साथ पारंपरिक रिश्ते को और मजबूतः** उन्होंने भूटान के विदेश मंत्री डी एन धुंग्येल से भी बातचीत की। जयशंकर ने भारत-भूटान रिश्तों को ह्वविशेष और समय की कसौटी पर खरेह्व बताया। दोनों देशों के बीच लगातार बढ़ते सहयोग और विकास पर संतोष जताया गया।

**सेशेल्स और अन्य देशों के साथ भी अहम चर्चाः** जयशंकर ने सेशेल्स के विदेश मंत्री बैरी फॉरे से मुलाकात कर आर्थिक सहयोग पर बात की। उन्होंने सेशेल्स को मौजूदा आर्थिक चुनौतियों से निपटने में भारत की मदद का भरोसा दिया। साथ ही विशेष आर्थिक पैकेज को लागू करने के कदमों का स्वागत किया गया।

दौरे के दौरान जयशंकर ने मॉरीशस के पूर्व प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ से भी मुलाकात की। उन्होंने भारत-मॉरीशस संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान की सराहना की। इसके बाद जयशंकर संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर जाएंगे, जहां वे रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे।

# अमेरिका का निगरानी ड्रोन क्यों है बेहद खास

## होर्मुज में लापता होने के बाद चर्चा में

वाशिंगटन। अमेरिकी नौसेना का निगरानी ड्रोन MQ-4C Triton हाल ही में होर्मुज जलडमरूमध्य के ऊपर इमरजेंसी अलर्ट के बाद लापता हो गया। यह हाई-एल्टीट्यूड, लॉन्ग-एंड्योरेंस ड्रोन नॉर्थरोप ग्रुम्मन द्वारा विकसित किया गया है और समुद्री निगरानी के लिए इस्तेमाल होता है।

अमेरिकी नौसेना का अत्याधुनिक निगरानी ड्रोन इन दिनों चर्चा में है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह ड्रोन होर्मुज जलडमरूमध्य के ऊपर लापता हो गया। यह घटना उस समय हुई जब ड्रोन ने उड़ान के दौरान अचानक इमरजेंसी अलर्ट जारी किया।

यह एक हाई-एल्टीट्यूड, लॉन्ग-एंड्योरेंस मानव रहित विमान है, जिसे खास तौर पर समुद्री निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने के लिए विकसित किया गया है। इस ड्रोन को अमेरिकी रक्षा कंपनी नॉर्थरोप ग्रुम्मन ने तैयार किया है। MQ-4C ट्राइटन, RQ-4 ग्लोबल हॉक प्लेटफॉर्म पर आधारित है और इसे विशाल समुद्री क्षेत्रों पर लगातार नजर रखने के लिए डिजाइन किया गया है।

### कैसे करता है काम?

MQ-4C ट्राइटन 50,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है और लगातार 24 घंटे से ज्यादा समय तक हवा में रह सकता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह सिर्फ रीयल-टाइम निगरानी ही नहीं करता, बल्कि लंबे समय तक डेटा इकट्ठा कर समुद्री गतिविधियों की पूरी तस्वीर तैयार करता है। इसे अक्सर P-8अ पोसाइडन गश्ती विमानों के साथ तैनात किया जाता है, जिससे समुद्र में गतिविधियों की लगातार निगरानी संभव हो पाती है। MQ-4C ट्राइटन अमेरिका की समुद्री सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा है और यह दुनिया के सबसे उन्नत निगरानी ड्रोन में गिना जाता है।





### कैसे हुआ ड्रोन गायब?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह ड्रोन बहरीन के उत्तर में ऑपरेशन के दौरान फ्लाइट ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म पर अंतरराष्ट्रीय इमरजेंसी ट्रांसपोंडर कोड 7700 प्रसारित करता हुआ देखा गया, जो सामान्य आपात स्थिति का संकेत होता है। डेटा के अनुसार, ड्रोन करीब 52,000 फीट की ऊंचाई से अचानक तेजी से नीचे गिरकर कुछ ही मिनटों में लगभग 12,750 फीट तक पहुंच गया। यह घटना उस समय हुई जब ड्रोन नियमित उच्च-ऊंचाई समुद्री निगरानी मिशन पर था और सामान्य रिकॉनिसेंस फ्लाइट प्रोफाइल का पालन कर रहा था। अचानक आई इस गिरावट के बाद ड्रोन का सिग्नल खाड़ी क्षेत्र के ऊपर गायब हो गया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त हुआ या फिर ट्रैकिंग सिस्टम में कोई बाधा आई। इस पूरे घटनाक्रम की अमेरिकी सैन्य अधिकारियों की ओर से अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

वहीं कुछ ओपन-सोर्स ट्रैकिंग विश्लेषणों में यह दावा भी किया गया है कि इमरजेंसी सिग्नल से पहले ड्रोन ने कुछ समय के लिए ईरानी हवाई क्षेत्र की दिशा में रुख किया था, लेकिन इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

**क्यों है खास?**

- ➪50,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर उड़ान की क्षमता।
- ➪24+ घंटे तक कर सकता है लगातार ऑपरेशन।
- ➪लंबी दूरी की समुद्री निगरानी क्षमता।
- ➪रीयल-टाइम और डेटा आधारित कर सकता है खुफिया विश्लेषण।
- ➪इसकी कीमत 200 मिलियन डॉलर से अधिक है।

# बाढ़, भूकंप और भूस्खलनः अफगानिस्तान में अब तक 148 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले दो हफ्तों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से 148 लोगों की मौत और 216 लोग घायल हुए हैं। नंगरहार सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां कई घर तबाह हो गए। 7,500 से ज्यादा परिवार प्रभावित हैं। सड़कों और खेती को भारी नुकसान हुआ है। आइए, विस्तार से इस पूरे मामले को जानते है।



अफगानिस्तान में पिछले दो हफ्तों में मौसम ने कहर बरपाया है। भारी बारिश, अचानक आई बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और बिजली गिरने जैसी घटनाओं ने देश को हिला कर रख दिया है। इन आपदाओं में अब तक 148 लोगों की मौत हो चुकी है और 216 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हालात इतने खराब हैं कि हजारों परिवार बेघर हो गए हैं और कई इलाकों में जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया है।

जानकारी के मुताबिक, अफगानिस्तान के कई हिस्सों में लगातार खराब मौसम के कारण तबाही बढ़ती जा रही है। राहत एजेंसियों के अनुसार, यह आपदा सिर्फ जान-माल का नुकसान ही नहीं, बल्कि देश में मानवीय संकट भी पैदा कर रही है। ग्रामीण और कमजोर इलाकों में हालात ज्यादा गंभीर हैं, जहां लोगों के पास बचाव के साधन भी नहीं हैं।

**क्या सबसे ज्यादा असर नंगरहार में देखने को मिला**

पूर्वी अफगानिस्तान का नंगरहार प्रांत इस आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां बीते दो दिनों में ही 24 लोगों की मौत और 33 लोग घायल हुए हैं। कई लोगों की जान मकानों की छत गिरने, बाढ़ के पानी और तूफान से गई। इस इलाके में 1,149 घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं और सड़क, खेती और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है।

**कितने परिवार हुए प्रभावित और क्या हालात हैं**

रिपोर्ट के अनुसार, 7,500 से ज्यादा परिवार इस आपदा से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के पानी ने गांव और शहरों को डुबो दिया है। कई लोग फंसे हुए थे, जिन्हें हवाई रास्ते से सुरक्षित निकाला गया। सड़कों के टूटने से काबुल और अन्य प्रांतों के बीच संपर्क भी बाधित हो गया है, जिससे राहत कार्यों में दिक्कत आ रही है।

**क्या आगे और बढ़ सकता है खतरा**

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं। इससे लोगों में डर बढ़ गया है कि मौत और तबाही का आंकड़ा और ऊपर जा सकता है। पहले से ही लगातार आपदाओं से जूझ रहा अफगानिस्तान इस बार फिर बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है।

**क्या खेती और खाने पर भी पड़ा असर**

संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, इस आपदा में 73,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। 9,000 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है और 15,500 एकड़ से ज्यादा खेती बर्बाद हो गई है। इससे खाने की कमी का खतरा बढ़ गया है और आने वाले समय में हालात और गंभीर हो सकते हैं।

# फिर होगी नेतन्याहू की कानूनी परीक्षाः जंग के कारण अटका ट्रायल इस्राइली अदालत में दोबारा शुरू होगा

**तेल अवीव।** ईरान के साथ युद्ध के चलते स्थगित हुआ प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का भ्रष्टाचार ट्रायल रविवार से दोबारा शुरू होने जा रहा है। कोर्ट पर लगी इमरजेंसी पाबंदियां हटा ली गई हैं। नेतन्याहू पर रिश्वत और धोखाधड़ी के आरोप हैं, और इस मुकदमे का असर अक्टूबर 2026 में होने वाले चुनावों पर भी पड़ सकता है।

इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध जैसी स्थितियों के कारण ठप पड़ा बेंजामिन नेतन्याहू का भ्रष्टाचार मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। मुकदमे की सुनवाई 12 अप्रैल 2026 से यरूशलम की अदालत में फिर शुरू हो रही है। ईरान के साथ संघर्ष की वजह से अदालती कार्यवाही रुकी हुई थी। लेकिन अब यह पुराने शेड्यूल, रविवार से बुधवार के अनुसार चलेगी। वर्तमान में 'केस 4000' पर जिरह चल रही है, जिसमें नेतन्याहू पर रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप हैं।

बेंजामिन नेतन्याहू पर पिछले कई वर्षों से रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और विश्वासघात के गंभीर आरोप लगे हैं। ये मामले तीन मुख्य श्रेणियों में बंटे हुए हैं। इसमें केस 1000, 2000 और 4000 शामिल हैं। इस्राइल के इतिहास में नेतन्याहू पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो पद पर रहते हुए अदालती कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। फरवरी के अंत में जब ईरान के साथ संघर्ष चरम पर था और इस्राइल-अमेरिकी एयरस्ट्राइक के बाद देश में इमरजेंसी लगा दी गई थी। इस दौरान सुरक्षा कारणों से अदालती कार्यवाही को भी टाल दिया गया था। अब जबकि दो हफ्ते के अस्थायी संघर्ष विराम के बाद स्थितियां कुछ हद तक संभली हैं, तो तेल अवीव जिला अदालत ने सुनवाई को फिर से शुरू करने का आदेश दिया है। कोर्ट के नए आदेशों के अनुसार, सुनवाई अपने पुराने समय-सारणी यानी रविवार से बुधवार के बीच आयोजित की जाएगी।



## ट्रंप ने की थी माफी देने की वकालत

दिलचस्प बात यह भी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में इस्राइली राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग से नेतन्याहू को माफी देने की वकालत की थी। हालांकि, हर्जोग के कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि इस्राइल एक कानून से चलने वाला संप्रभु राष्ट्र है और वह बिना किसी बाहरी दबाव के अपने न्यायिक फैसले खुद लेगा। अक्टूबर 2026 में इस्राइल में आम चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में यह ट्रायल न केवल नेतन्याहू का राजनीतिक भविष्य तय करेगा, बल्कि वोटरों के बीच उनकी छवि पर भी गहरा असर डालेगा।

# ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी की मौत

## अमेरिकी हमले में गंभीर रूप से हुए थे जख्मी

**नई दिल्ली।** ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी का निधन हवाई हमले में घायल होने के बाद हो गया। तेहरान स्थित उनके घर पर हुए हमले को हत्या की कोशिश बताया गया है। आइए विस्तार से जानते हैं।



ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी का गुरुवार देर रात निधन हो गया। वह पिछले सप्ताह हुए अमेरिकी हवाई हमले में घायल हो गए थे। इस बात की पुष्टि ईरान के सरकारी टेलीविजन ने की है।

### हमले को हत्या की कोशिश बताया गया

रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान में उनके घर पर हमला हुआ था। इस हमले के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईरानी मीडिया और स्थानीय रिपोर्ट्स में इसे एक 'हत्या की कोशिश' बताया गया है। खराजी ईरान की 'स्ट्रेटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल' के अध्यक्ष हैं।

यह संस्था सीधे देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है।यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और इस्राइल के हमले लगातार पांचवें हफ्ते भी ईरान पर जारी हैं।

### कमाल खारजी का राजनीतिक जीवन

कमाल खराजी सुधारवादी राष्ट्रपति मोहम्मद खातामी के कार्यकाल में विदेश मंत्री रह चुके थे। इसके बाद उन्होंने देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के विदेश मामलों के सलाहकार के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खराजी 2022 में दिए अपने एक बयान को लेकर भी चर्चा में रहे थे। उन्होंने अल जजीरा से बातचीत में कहा था कि ईरान के पास परमाणु बम बनाने की तकनीकी क्षमता है, हालांकि देश ने इसे बनाने का कोई फैसला नहीं लिया है। उनके इस बयान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान की मंशा को लेकर चिंता बढ़ा दी थी।

# यूएस के युद्धपोत पर हमले चीनी मिसाइलों से, ईरान को PAK ने दिया रास्ता

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी एनएसए माइक फ्लिन ने आरोप लगाया है कि ईरान ने अमेरिकी विमानवाहक पोत 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' पर हमले के लिए चीनी मिसाइलों का इस्तेमाल किया था। ये मिसाइलें पाकिस्तान के रास्ते ईरान पहुंची थीं। फ्लिन ने इसे अमेरिका के खिलाफ 'युद्ध की कार्रवाई' बताते हुए चीन और पाकिस्तान के खिलाफ सख्त सैन्य और कूटनीतिक कदम उठाने की मांग की है।



पश्चिम एशिया में तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जनरल माइक फ्लिन ने दावा किया है कि ईरान ने अमेरिकी विमानवाहक पोत पर हमला करने के लिए जिन मिसाइलों का इस्तेमाल किया, वे चीन की थीं।

उन्होंने यह भी दावा किया कि इसे पाकिस्तान के रास्ते ईरान भेजा गया था। फ्लिन ने इसे सीधे तौर पर 'युद्ध की कार्रवाई' यानी, एक्ट ऑफ वार करार दिया है।

### यह खुला युद्ध है-माइक फ्लिन

माइक फ्लिन ने सोशल मीडिया पर 'मोसाद कमेंट्री' की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए चीन और पाकिस्तान पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अगर यह साबित हो जाता है कि चीन ने पाकिस्तान के जरिए ईरान को मिसाइलें पहुंचाई हैं, तो यह अमेरिका के खिलाफ एक सोची-समझी सैन्य साजिश है।

फ्लिन ने कहा कि अमेरिका को चीन और पाकिस्तान को तुरंत नोटिस पर रखना चाहिए। उन्होंने यहां तक सुझाव दे डाला कि जवाबी कार्रवाई के रूप में अमेरिका में पढ़ रहे लगभग 5 लाख चीनी छात्रों को तुरंत वापस उनके देश भेज देना चाहिए।

### पाकिस्तान की भूमिका पर उठे सवाल

वर्तमान में पाकिस्तान, अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम कराने के लिए एक मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा है।

फ्लिन ने तंज कसते हुए कहा कि जो देश पर्दे के पीछे से हथियारों की तस्करी में मदद कर रहा हो, वह ईमानदार मध्यस्थ कैसे हो सकता है? उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक तरफ शांति की बात कर रहा है और दूसरी तरफ अमेरिका के दुश्मनों को रसद पहुंचा रहा है।

## फरवरी से ही जारी है सैन्य संघर्ष

गौरतलब है कि फरवरी 2026 से अमेरिका और ईरान के बीच भीषण सैन्य संघर्ष जारी है। हाल ही में दोनों देशों के बीच दो हफ्ते का युद्धविराम हुआ है। इस बीच ईरान ने दावा किया था कि अपने तटीय क्रूज मिसाइलों से अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इस हमले में चीनी तकनीक और पाकिस्तानी रूट के इस्तेमाल की पुष्टि होती है, तो यह न केवल इस युद्धविराम को खत्म कर देगा, बल्कि और विकट स्थिति भी पैदा कर सकता है। फिलहाल, अमेरिका की ओर से इन दावों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

# ईरान से बात या सख्त चेतावनीः ट्रंप के संदेश के साथ पाकिस्तान रवाना हुए वेंस



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस्लामाबाद पहुंच रहे हैं, जहां ईरान के साथ अहम बातचीत होगी। वेंस ने कहा कि अमेरिका ईमानदार बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन किसी चालबाजी को स्वीकार नहीं करेगा। यह वार्ता एक महीने से चल रहे तनाव को खत्म करने के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने कूटनीतिक मोर्चे पर बड़ा कदम उठाया है। जेडी वेंस इस्लामाबाद के लिए रवाना हो गए हैं, जहां वे ईरान के साथ अहम बातचीत में हिस्सा लेंगे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब क्षेत्र में संघर्षविराम बना हुआ है, लेकिन हालात अब भी नाजुक हैं। वेंस के बयान ने साफ कर दिया है कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन किसी भी तरह की चालबाजी बर्दाश्त नहीं करेगा। रवाना होने से पहले वेंस ने कहा कि अगर ईरान ईमानदारी से बातचीत करता है तो अमेरिका भी सकारात्मक रुख अपनाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका खुले हाथ से बातचीत करना चाहता है। लेकिन उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर ईरान ने बातचीत में खेल करने की कोशिश की तो अमेरिकी टीम सख्त रुख अपनाएगी। यह बयान साफ संकेत देता है कि बातचीत के साथ-साथ दबाव की रणनीति भी जारी रहेगी।

# अमेरिकी व्यापार प्रमुख का दावा- तकनीक पर प्रतिबंधों से चीनी कारों के लिए बंद होंगे यूएस के दरवाजे

**नई दिल्ली।** अमेरिका के शीर्ष व्यापार अधिकारी ने कहा कि विदेशी तकनीक पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण निकट भविष्य में चीनी कार निमार्ता अमेरिकी बाजार से बाहर ही रह सकते हैं।




शीर्ष अमेरिकी व्यापार अधिकारी, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर ने गुरुवार को कहा कि विदेशी तकनीक पर प्रतिबंधों के कारण चीनी कार निमार्ताओं का निकट भविष्य में अमेरिकी बाजार में आना मुश्किल है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इससे इन कंपनियों के लिए अमेरिका के घरेलू ऑटो बाजार में अपनी पकड़ बनाना मुश्किल हो जाएगा।

**कौन से नियम बन रहे हैं बड़ी बाधाः** ग्रीर ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि ह्वविदेशी चिंताजनक इकाइयोंह्व द्वारा निर्मित कनेक्टेड व्हीकल तकनीक और सॉफ्टवेयर पर रोक लगाने वाले नियम कई चीनी कंपनियों के लिए बड़ी बाधा हैं। उन्होंने कहा कि ये नियम अगले 12 से 18 महीनों में लागू हो जाएंगे।

**क्या इन नियमों में बदलाव की संभावना हैः** मिशिगन में Stellantis NV (स्टेलेंटिस एनवी) के प्लांट के दौरे के दौरान ग्रीर ने कहा, ह्वहमें इसमें किसी बदलाव की उम्मीद नहीं दिखती। इन नियमों के चलते कुछ देशों के लिए यहां नई उत्पादन इकाइयां स्थापित करना मुश्किल हो सकता है।

ग्रीर ने इस बात को कम महत्व देते हुए कहा कि अगले महीने होने वाली डोनाल्ड ट्रम्प और शी जिनफिंग की बैठक में ऑटो उद्योग प्रमुख मुद्दा नहीं होगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में पेरिस में हुई अमेरिका-चीन व्यापार अधिकारियों की बैठक में कुछ सीमित क्षेत्रों पर ही सहमति बनी। जिनमें ऑटो उद्योग सीधे तौर पर शामिल नहीं है।

वैश्विक बाजार में चीनी ऑटो कंपनियों की स्थिति क्या है?

ये कंपनियां कम कीमत में एडवांस्ड इलेक्ट्रिक-व्हीकल बैटरी और इंफोटेनमेंट सिस्टम देती हैं। साथ ही, उन्हें सरकारी सब्सिडी मिलती है और वे कम मुनाफे या घाटे में भी काम करके तकनीक को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराती हैं, जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती है। उन्होंने यूनाइटेड ऑटो वर्कर्स यूनियन के अधिकारियों से भी मुलाकात की, जिसमें यूनियन के अध्यक्ष शॉन फेन शामिल थे।

बैठक के दौरान ग्रीर ने इस बात पर जोर दिया कि टैरिफ अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग को वापस लाने का एक प्रभावी तरीका है। यह जानकारी वअह लोकल 140 के अध्यक्ष एरिक ग्राहम ने दी, जो इस प्लांट के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

यह प्लांट फिलहाल एक शिफ्ट में काम कर रहा है, जबकि 2024 में यहां दो शिफ्ट्स थीं। रइी’ ”ल्ल३२ ठश ने फ्अट (राम) पिकअप उत्पादन का कुछ हिस्सा मेक्सिको स्थानांतरित कर दिया था।

**भविष्य की योजनाएं और कर्मचारियों की स्थिति क्या हैः** इस फैक्ट्री में 2028 तक राम ब्रांड की नई एसयूवी बनाने की योजना है। लेकिन अभी भी करीब 340 कर्मचारी छंटनी की स्थिति में हैं। एरिक ग्राहम ने कहा, हमारे पास जगह है, हमारे पास लोग हैं, हमें सिर्फ अवसर की जरूरत है।

# संयुक्त राष्ट्र में आर्थिक-सामाजिक परिषद के अहम निकायों में भारत हुआ निर्वाचित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के विभिन्न सहायक निकायों में भारत को चुना गया है। संयुक्त राष्ट्र में देश के स्थायी मिशन ने बुधवार को बताया कि भारत को ईसीओएसओसी के जिन निकायों में 2027 से 2030 की अवधि के लिए चुना गया है उनमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकास आयोग, गैर-सरकारी संगठनों की समिति और कार्यक्रम एवं समन्वय समिति (सीपीसी) शामिल हैं। भारतीय राजदूत प्रीति सरन को फिर से आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों की समिति (सीईएससीआर, 2027-2030) के लिए चुना गया। इन पर वैश्विक मामलों की जिम्मेदारी होगी।



गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) की समिति ईसीओएसओसी की एक स्थायी समिति है। इसके मुख्य कार्यों में विभिन्न एनजीओ द्वारा प्रस्तुत सलाहकार दर्जे के लिए आवेदनों और पुनर्वर्गीकरण के अनुरोधों पर विचार करना शामिल है। सीपीसी योजना, कार्यक्रम निर्माण और समन्वय के लिए ईसीओएसओसी तथा महासभा की प्रमुख सहायक निकाय है।

इसकी वेबसाइट के अनुसार, यह संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रमों की समीक्षा करती है और संयुक्त राष्ट्र की प्रणालियों के अंतर्गत समन्वय कार्यों के निष्पादन में ईसीओएसओसी की सहायता करती है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया वार्ड 83 में सर्विस रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 83 स्थित श्याम पार्क एक्सटेंशन में क्षेत्रीय निवासियों को जर्जर सड़कों से जल्द निजात मिलने वाली है। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने वार्ड 83 की सर्विस रोड के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। यह विकास कार्य क्षेत्रीय पार्षद कविता प्रवीन भाटी के विशेष प्रयासों से शुरू हुआ है।

श्याम पार्क एक्सटेंशन के ए-ब्लॉक (ए-19) से लेकर बी-ब्लॉक (बी-6) तक जी.टी. रोड के किनारे स्थित यह सर्विस रोड लंबे समय से बदहाल स्थिति में थी इस सड़क के निर्माण से प्रमुख चिकित्सा केंद्रों और निवासियों को राहत मिलेगी।

समारोह के दौरान स्थानीय नागरिकों ने पार्षद कविता प्रवीन भाटी के विकास कार्यों के प्रति समर्पण की सराहना की। वार्ड 83 में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पार्षद कविता प्रवीण भाटी लगातार प्रयासरत हैं। सड़क निर्माण की घोषणा से क्षेत्र के निवासियों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर प्रवीन भाटी, अशोक गुप्ता, आर.के. जिंदल, सुनील कुमार, डॉ. अनिल शर्मा सहित नागरिकों ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और पार्षद का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमोद सिंघल, पं. गिरधारी लाल शास्त्री, राजीव निझावन, विकास चुघ, सुनील माहेश्वरी, नरेंद्र चौधरी, एम.एल. गोस्वामी, सुरेंद्र चौधरी, विवेक शर्मा, कुलदीप चौहान, कर्मवीर नागर, मैनपाल भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# स्थापना दिवस पर गाँव चलो, बूथ चलो अभियान के तहत वार्ड-11 पहुँची महापौर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे गाँव चलो, बूथ चलो अभियान के तहत महापौर सुनीता दयाल ने नंदग्राम के वार्ड-11 में जनचौपाल लगाकर लोगों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। महापौर ने कहा कि सरकार की योजनाएं अब सीधे लाभार्थियों तक पारदर्शी तरीके से पहुंच रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे योजनाओं की सही जानकारी लेकर उनका लाभ उठाएं। चौपाल में मण्डल अध्यक्ष हेमंत त्यागी, पार्षद छाया त्यागी, पार्षद पति संजय त्यागी, बूथ अध्यक्ष व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जनधन योजना और मुद्रा योजना सहित कई योजनाओं की जानकारी दी गई। महापौर ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य गरीब, किसान, कारीगर और जरूरतमंद वर्ग को आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं, जिससे पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याएं भी रखीं, जिनके समाधान का आश्वासन दिया।





▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सुना है मीडिया वाली सह संयोजक की जिम्मेदारी से दे दिया है किसी ने इस्तीफा? वजह क्या है ये फिलहाल नहीं पता चला है साहब? सुना है वजह ये भी हो सकती है कि पीएम वाली रैली में नहीं दिया गया हो इस चेहरे को भाव? हमने देखा बहुत दिन से ये चेहरा फेसबुक पर क्रांतिकारी शब्दों की भांज रहा था लाठी? समझ तो गये होंगे आप ये हो सकते हैं मिस्टर .... टी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सोशल मीडिया देखने वाले पहलाद जी भी सुना है इंदिरापुरम वाले से मांग रहे हैं दुआ? सुना है ऐसा है तब से हुआ जब से उन्होंने सोशल मीडिया वाला काम है छुआ? वो पूछ रहे हैं सामने वाले से आईडी और पासवर्ड का फसाना? कह रहे हैं, कैसे होता है सोशल मीडिया का चलाना? कहने वाले ने कहा जल्द ही ठीक हो जायेंगे हालात? मगर उनके लिये इस वाले सिस्टम की किसने पढ़ी दुआ? समझ नहीं आ रहा है कि ऐसा कैसे हुआ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मोर्चा वाली दोवदारी में अव्वल नम्बर पर चल रहे युवा चौधरी के इन दिनों गजब हैं अंदाज? बाबा साहब की जयंती पर भी ये प्रयास कर रहे हैं खास? मगर सुना है जिन महान चेहरे की जयंती के लिए इन्होंने होर्डिंग लगवायें हैं उस पर गयी है सभी की नजर खास? कहने वाले ने कहा कि जिनकी जयंती है उन्हीं का फोटो इन्होंने कर दिया है बहुत छोटा? खुद को और बाकियों के फोटो को स्थान दिया है खास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया वाले मैम्बर हब में मिस्टर भाटी की एक अदा है खास? जब भी वो किसी से मिलते हैं उनकी जुबान पर होता है बाबा सिद्धबली का जाप? सुना है अब क्षेत्र के लोगों ने ही उनका रख दिया है सिद्धबली नाम? कहने वाले कह रहे हैं, इनका व्यवहार ही कुछ ऐसा है? हम इनको अब यही कहकर पुकारते हैं श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें पता चला है पुराने कई साथियों ने कार्यालय पर आना कर दिया है कम? हैवी वेट वालों को इस ओर ध्यान लगाना होगा, आखिर क्यों चल रहा है ऐसा सितम? सुना है कई चेहरे पद नहीं मिलने से दिख रहे हैं नाराज? हमें ये भी पता है कि वो किसी और के पक्ष में नहीं जायेंगे? मगर दूरियों से करा रहे हैं अपनी नाराजगी का अहसास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** गागर में सागर भरने वाले सुन आये हैं शर्मा जी के घर पर जाकर उनकी गुंजन? कराया है उनको अपने पन का अहसास? कह दिया है कि अब कुछ भी हो जाये मैं रहूंगा आपके साथ? मुझे आपको छूते हुए देखना था मुकाम? आज से मेरा आपकी तरक्की पर ही है ध्यान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** यूं तो कई गाजियाबाद के चेहरों ने डाला हुआ है पश्चिम बंगाल में डेरा? मगर यहां पर गाजियाबाद से पुराने पंजाबी चेहरे को ही मिली है ऑफिशियल जिम्मेदारी? कहने वाले ने कहा हम इस बात को यूं ही नहीं कह रहे? हमने वेस्टर्न लेवल से जुटाई है ये पूरी जानकारी? कहने वाले ने कहा वो वैसे भी बहुत मेहनती हैं? उन्हें मिलनी चाहिए वापस लौटकर मजबूत वाली जिम्मेदारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्रॉस वाले भगवा एरिये के कमिश्नर को ज्यादा अपनी उपलब्धि पर खुश नहीं होना चाहिए श्रीमान? ऊपर से आया था एक साथ कई मंडल की टीम की घोषणा का पैगाम? दिया गया था तभी अध्यक्षों को यही संदेश? घोषित कर दो उन सब चेहरों को जिन्हें एडजस्ट करना चाहते हैं भगवा कमिश्नर के फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज जब होगी निगम कार्यालय पर प्रैस कॉन्फ्रैन्स? तब यहां से निकलेगा हाउस टैक्स की राहत का पैगाम? मगर हम आपको बता रहे हैं कि इस बैठक में नहीं होंगे सांसद, मंत्री और विधायक के दर्शन आम? सुना है आज ये तीनों ही हैं जनपद से बाहर? इसलिए इस एतिहासिक घोषणा में इन तीनों के नहीं होंगे दीदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महिला मोर्चा को लेकर चल रही है एक और चेहरे की चर्चा? कहने वाले ने कहा खोड़ा की क्रान्तिकारी महिला के नाम पर भी हो सकती है जिम्मेदारी की वर्षा? बस उन्हें पार्टी की रीति और नीति के तहत करना होगा काम? कहने वाले ने कहा कि किस चेहरे के पास मजबूत टीम है? ऊपर तक पहुंच चुका है इस बात का पैगाम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# मॉडर्न लुक में जल्द शुरू होगा कवि नगर थाना डीसीपी सिटी ने किया निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थानों और पुलिस परिसरों के आधुनिकीकरण की कड़ी लगातार आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में अब कवि नगर थाना भी नए और मॉडर्न स्वरूप में जल्द शुरू होने जा रहा है। शुक्रवार को डीसीपी सिटी/मुख्यालय धवल जायसवाल ने थाना कवि नगर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसीपी कवि नगर सूर्यबलि मौर्य और थाना प्रभारी अनुराग शर्मा भी मौजूद रहे। डीसीपी सिटी ने निर्माण कार्य में तेजी लाने और तय मानकों के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि थाने का कार्य जल्द पूरा कर आम जनता के लिए इसे शुरू किया जाए।



## सबसे अलग दिखेगा फ्रंट ऑफिस और एमएसके



**करंट क्राइम :** बताया जा रहा है कि कवि नगर थाना अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें थाना प्रभारी कक्ष, एसीपी कार्यालय, आगंतुक कक्ष, सीनियर सिटीजन सेल, मिशन शक्ति केंद्र, पासपोर्ट सेल, मुंशी कार्यालय और विवेचकों के लिए अलग कक्ष बनाए गए हैं। इसके साथ ही थाना परिसर में मॉडर्न गार्डन, फव्वारा और आकर्षक लाइटिंग की भी व्यवस्था की जा रही है। थाने का विस्तार कर इसे दो मंजिला रूप में विकसित किया गया है, जिससे कार्यक्षमता और सुविधाओं में इजाफा होगा। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में इससे पहले भी कई थानों, पुलिस लाइनों और क्राइम ब्रांच परिसरों का कायाकल्प किया जा चुका है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देशन में कमिश्नरेट के सभी थानों और कार्यालयों को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है, जिससे पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी और जनहितैषी बनाया जा सके।

# वार्ड 98 में गंदे पानी की समस्या पर पार्षद सख्त कार्यालय में अधिकारियों के साथ की बैठक



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इन्दिरापुरम वार्ड 98 के अहिंसा खंड-2 स्थित कृष्णा विस्टा और आसपास की सोसाइटियों में दूषित जलापूर्ति की गंभीर शिकायतों को देखते हुए क्षेत्रीय पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने अधिकारियों के साथ बैठक की। पार्षद ने संज्ञान लेते हुए नगर निगम के अधिकारियों के साथ आपात बैठक की और मौके पर ही पानी के सैंपल भरवाकर जांच के लिए भेजे।

नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक क्षेत्रीय निवासियों के स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर डॉ. अनिल तोमर ने अपने कार्यालय पर नगर निगम से आस कुमार मयंक मिश्रा सहित। बैठक में पार्षद ने गंदे पानी की शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों को समस्या के स्थाई समाधान के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

समस्या की जड़ तक पहुँचने के लिए पार्षद की मौजूदगी में पानी के इनलेट पॉइंट से ऑन-स्पॉट सैंपलिंग कराई गई। इसके साथ ही, शांति गोपाल अस्पताल के पीछे प्रस्तावित 30 एचपी के नए समरसेबल पंप के इंस्टॉलेशन को लेकर विस्तृत सर्वे भी किया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जल्द से जल्द नए समरसेबल का कार्य पूर्ण किया जाए ताकि क्षेत्र में स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

## निवासियों का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. अनिल तोमर

**करंट क्राइम।** पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि वार्ड 98 के किसी भी निवासी को गंदे पानी की समस्या से जूझने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। पानी की गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी अन्य सोसाइटी में भी ऐसी समस्या है, तो निवासी सूचित करें।
बैठक के दौरान नगर निगम की टीम ने पार्षद को भरोसा दिलाया कि सैंपलिंग की रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधार किए जाएंगे और नए समरसेबल का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा होगा। इस पहल से कृष्णा विस्टा और अहिंसा खंड-2 की सोसाइटियों के हजारों निवासियों ने राहत की सांस ली है।

# जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं समस्याएं, मौके पर समाधान व आर्थिक मदद दी



**गाजियबाद (करंट क्राइम)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालयों में जन शिकायतें सुनें और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

जनता दर्शन के दौरान आकाश नगर, निकट पुलिस लाइन निवासी ओमकारी ने अपनी बहू के उपचार के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी ने परिवार को अंत्योदय कार्ड, आयुष्मान कार्ड और रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से 40 हजार रुपये की सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद जिलाधिकारी ने पीड़ित महिला को 40 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। सहायता मिलने पर महिला ने भावुक होकर आभार जताया और कहा कि डीएम साहब बहुत अच्छे हैं। कार्यक्रम में कई अन्य शिकायतों को भी मौके पर निस्तारित किया गया, जिससे फरियादियों ने राहत की सांस ली।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत एसएस इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों को सिखाए सुरक्षा के गुर





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा के अनिल विहार स्थित एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को सुरक्षा के प्रति सजग रहने, नशे की बुराइयों से बचने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल के डारेक्टर देवेंद्र यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को किशोरावस्था में होने वाले भटकाव से बचाना और उन्हें कानून व सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे समाज के प्रति अपनी जवाबदेही समझते हैं।

## नशा मुक्ति और सुरक्षित जीवन का संदेश



करंट क्राइम। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक नवीन, एसआई उदयभान और एसआई काजल ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। पुलिस अधिकारियों ने ऑपरेशन प्रहार के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को नशे से दूर रहने और सुरक्षित जीवन अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि किस तरह नशा न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि भविष्य को भी अंधकार में डाल देता है। सुरक्षा के विभिन्न आयामों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों ने छात्रों को आपातकालीन स्थितियों में सतर्क रहने और अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## चिन्टू जी






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# आरडब्ल्यूए सदस्यों की सजगता से गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट में आग की बड़ी घटना टली





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सिद्धार्थ विहार स्थित गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट के वाई 3 टावर के दसवें फ्लोर पर फ्लैट संख्या 1001 की बालकनी में अचानक आग लग गई। रेजिडेंट केयर ऑफिसर ऋचा त्यागी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ए एन त्रिपाठी आर डब्ल्यूए की मेंटीनेंस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। फ्लैट निवासी पिछले 15 दिन से बाहर थे। दरवाजे तोड़ने की तैयारी हो रही थी। तभी फ्लैट की चाभी किसी अन्य फ्लैट से मिल गई। ताला खोलकर फायर अग्निशमन यंत्रों से आग बुझा दी गई। उसी बालकनी में विंडो एसी लगे होने से आरंभिक आशंका थी कि आग एसी में शॉर्ट सर्किट से हुई हो। लेकिन फ्लैट बंद होने की स्थिति के चलते स्पष्ट हो गया कि आग लगने का कारण ए सी नहीं बल्कि उपरी टावर से बीड़ी सिगरेट अथवा अन्य चिंगारी गिरने की आशंका जताई जा रही है। बालकनी में वेस्टेज लकड़ी पड़ी थी, जिसने शीघ्र ही आग पकड़ी और तेज हवा के साथ आग बढ़ने लगी। मौके पर उपस्थित सदस्य कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया अग्निशमन कार्यालय का अग्निशमन वाहन और स्थानीय पुलिस आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष की सूचना पर मौके पर पहुंच चुकी थी। पुलिस के समक्ष ही आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष ने फ्लैट ऑनर को दुर्घटना और संभावित भीषण दुर्घटना पर नियंत्रण की जानकारी दी। अग्निशमन समिति सदस्य शंकर लाल वत्स ने बताया सूचना मिलने के 15 मिनट के अंदर मेंटीनेंस टीम ने आग पर काबू पा लिया। मेंटीनेंस टीम के टीम लीडर सागर, इलेक्ट्रीशियन पुरुषोत्तम, इलेक्ट्रीशियन अमित, लिफ्ट टेक्निशयन दीपक, प्लंबर मुन्ना, सिक्योरिटी सुपरवाइजर आशीष दुबे आदि ने अग्निकांड नियंत्रण पर विशेष भूमिका निभाई।

# खोड़ा में वार्ड चलो गाव चलो अभियान का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों के अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के निदेर्शानुसार मंडल अध्यक्ष जीतू राय व योगेश भाटी के संयोजन में आयोजित वार्ड चलो गाव चलो अभियान के संयोजक गुलाब राजौरा के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी के नेतृत्व में देश और प्रदेश के विकास के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभासद गजेंद्र नेगी मुकेश गिरी विनय गुप्ता, जगदीश भट्ट विवेक चोहान रिंकी ध्यानी, शिवम चौहान, सूरज सिंह आदि मौजूद रहे।